संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

11 मार्च 2026, बुधवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 160

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

नेशनल हेराल्ड मामले में 20 अप्रैल को होगी सुनवाई

नई दिल्ली । नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट अब 20 अप्रैल को सुनवाई करेगा। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था।

राज्य में बेरोजगारी, प्रवासी मजदूरों की स्थिति और रोजगार नीतियों को लेकर सरकार को घेरा

झारखंड विधानसभा में श्रम, नियोजन और उद्योग विभाग की अनुदान मांगों पर बहस

संताल एक्सप्रेस

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन मंगलवार को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और उद्योग विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विधायकों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। इस दौरान विधायक जयराम महतो और आलोक कुमार चौरसिया ने राज्य में बेरोजगारी, प्रवासी मजदूरों की स्थिति और रोजगार नीतियों को लेकर सरकार को घेरा।डुमरी विधायक जयराम महतो ने खराब सेहत के बावजूद सदन में उपस्थित होकर झारखंड के श्रमिकों, नियोजन नीति और स्थानीय युवाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि वह बीमार होने के बावजूद दवा लेकर सदन में आए हैं। साथ ही विधानसभा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सुझाव दिया कि विधायकों को प्रश्न रात एक-दो बजे के बजाय अधिकतम रात 11 बजे तक उपलब्ध करा दिए जाएं, ताकि

वे बेहतर तैयारी कर सकें।महतो ने कहा कि झारखंड के निर्माण में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन उनके लिए ठोस योजनाएं नहीं बनाई गई हैं। उन्होंने दिहाड़ी मजदूरों, रेहड़ी-पटरी कारोबारियों और टेंपो चालकों के लिए यूनिक वर्कर आईडी प्रणाली लागू करने का सुझाव दिया, जिससे उन्हें बीमा, ईएसआई और पीएफ जैसी सुविधाएं मिल सकें।प्रवासी मजदूरों के आंकड़ों को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाया। महतो ने कहा कि कोरोना काल में लगभग 12 लाख मजदूर झारखंड लौटे थे, जबकि विभाग के पास इससे कम आंकड़े दर्ज हैं। उनके अनुसार राज्य से बाहर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों की संख्या 16 लाख से भी अधिक हो सकती है।वहीं डाल्टनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने श्रम, कौशल विकास और उद्योग विभाग के कटौती प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है।चौरसिया ने कहा कि जिस श्रम विभाग की जिम्मेदारी रोजगार उपलब्ध कराना है, उसी विभाग की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने सरकार की ओर से पेश किए गए 1168.73 करोड़ रुपये के बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका लाभ युवाओं को जमीन पर दिखाई नहीं दे रहा है।विधायक चौरसिया ने आरोप लगाया कि ठोस रोजगार नीति के अभाव में झारखंड के युवा दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। पलामू और गढ़वा जैसे क्षेत्रों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां बेरोजगारी चरम पर है और कई मजदूरों की मौत के बाद उनके शव दूसरे राज्यों से वापस आते हैं, जो सरकार की विफलता को दर्शाता है।चौरसिया ने सुझाव दिया कि पलामू क्षेत्र की बंद पड़ी खदानों को फिर से शुरू किया जाना चाहिए। उन्होंने सोकरा माइंस, कैमरा माइंस और तलतवा माइंस का उदाहरण देते हुए कहा कि इन खदानों को चालू करने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सकता है। उन्होंने कौशल विकास योजनाओं और आईटीआई संस्थानों की स्थिति पर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि कई आईटीआई संस्थानों की हालत खराब है और छात्र विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं।उद्योग विभाग के बजट पर चर्चा करते हुए उन्होंने 571.30 करोड़ रुपये के प्रावधान को अपर्याप्त बताया। उन्होंने कहा कि सरकार इज ऑफ डूइंग बिजनेस की बात तो करती है, लेकिन वास्तविकता में उद्यमियों को भ्रष्टाचार, धमकियों और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है।चौरसिया ने सरकार पर चुनावी वादे पूरे नहीं करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि हर साल लाखों नौकरियां देने और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी नियुक्तियां शुरू नहीं हो सकीं। इसके अलावा उन्होंने गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था पर भी चिंता जताई और कहा कि कई जगह चापाकल और नल-कूप खराब पड़े हैं, लेकिन उन्हें ठीक कराने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। साथ ही उन्होंने सड़कों की जर्जर स्थिति और विधायकों की अनुशंसित योजनाओं के धरातल पर नहीं उतरने का मुद्दा भी उठाया।अंत में उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार और लूट का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए स्पष्ट विजन की आवश्यकता है। उन्होंने पलामू और गढ़वा जैसे जिलों में रोजगार और पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की मांग की।

रोजगार और विकास के मुद्दे पर सरकार के साथ खड़े दिखे सुरेश पासवान

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में चर्चा के दौरान विधायक सुरेश पासवान ने सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष द्वारा लाए गए कटौती प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। रोजगार, उद्योग और श्रम नियोजन जैसे मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने केंद्र सरकार और विपक्षी दलों पर तीखी टिप्पणी की।सदन में बोलते हुए सुरेश पासवान ने प्रधानमंत्री पर चुनावी वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा करके केंद्र की सरकार सत्ता में आई थी, लेकिन युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में वह नाकाम रही है। उनका कहना था कि रोजगार के मुद्दे को लेकर सत्ता में आने वाले लोग आज बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं।विधायक ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की सराहना करते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों, आदिवासियों और सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने करीब दस हजार लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है, लेकिन विपक्ष इस उपलब्धि को स्वीकार करने को तैयार नहीं है।सुरेश पासवान ने राज्य में सड़क निर्माण कार्यों की भी तारीफ की। उन्होंने साहिबगंज से रांची तक बनी सड़कों का उदाहरण देते हुए कहा कि इनकी गुणवत्ता इतनी बेहतर है कि यदि वाहन में पानी से भरा गिलास रखकर यात्रा की जाए तो पानी भी नहीं छलकता।कोरोना महामारी के दौर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय जब कई लोग केवल बयानबाजी कर रहे थे, तब राज्य सरकार ने संवेदनशीलता दिखाते हुए फंसे हुए मजदूरों को हवाई जहाज से उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की थी। इससे सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता स्पष्ट होती है।उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है, जिससे राज्य के युवाओं को बेहतर अवसर मिल रहे हैं।विपक्ष पर हमला बोलते हुए सुरेश पासवान ने कहा कि विपक्षी दल पूंजीपतियों के हित में राजनीति करते हैं और जनता के मुद्दों से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जनता ने उनके कामकाज को देखते हुए उन्हें विपक्ष में बैठाया है और आने वाले समय में भी जनता उन्हें सबक सिखाएगी।

झारखंड विधानसभा में मैक्लुस्कीगंज मुद्दे पर सत्ता पक्ष-विपक्ष में नोक-झोंक

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान एक सवाल को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच हल्की बहस देखने को मिली। मामला मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और क्षेत्र में ईंट-भट्ठों तथा क्रेशरों से हो रहे प्रदूषण से जुड़ा था।सदन में यह मुद्दा विधायक प्रकाश राम ने उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में चल रहे ईंट-भट्ठों और क्रेशर से फैल रहे प्रदूषण पर भी चिंता जताई।इस पर खान विभाग के मंत्री योगेंद्र महतो ने जवाब देते हुए कहा कि मैक्लुस्कीगंज को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विषय उनके विभाग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मामला अन्य विभागों से जुड़ा हुआ है, जबकि खान विभाग केवल क्रेशर और ईंट-भट्ठों से संबंधित मामलों पर ही जवाब दे सकता है।मंत्री के जवाब पर विधायक प्रदीप यादव ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सदस्यों के सवाल जिस विभाग से संबंधित हों, उन्हें सही विभाग तक पहुंचाने की जिम्मेदारी विधानसभा सचिवालय की होनी चाहिए, ताकि सदन में स्पष्ट और सटीक जवाब मिल सके।इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मंत्रियों को सदन में आने से पहले पूछे गए सवालों को लेकर पूरा होमवर्क करके आना चाहिए। इससे सदस्यों को स्पष्ट जानकारी मिलती है और सदन की कार्यवाही भी सुचारु रूप से चलती है।सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार के सभी मंत्री पूरी जिम्मेदारी के साथ सदन में आते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रश्न को पर्यटन विभाग को भेजा जा सकता है और इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया जा सकता है, ताकि संबंधित विभाग इस पर विस्तृत जवाब दे सके।



सुदीप गुड़िया ने विधानसभा में उठाया जंगली हाथियों के आतंक का मुद्दा

खूंटी। झारखंड विधानसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में तोरपा क्षेत्र अंतर्गत बानो प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों के बढ़ते आतंक का मामला प्रमुखता से उठाया।विधायक ने सदन को बताया कि इन दिनों बानो प्रखंड एवं आसपास के कई गांवों में जंगली हाथियों का झुंड लगातार उत्पात मचा रहा है। हाथियों द्वारा किसानों की फसलों, घरों तथा अन्य संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस वजह से ग्रामीणों के सामने आजीविका के साथ-साथ सुरक्षा की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। कई गांवों में लोग भय के माहौल में जीवनयापन करने को मजबूर हैं।उन्होंने राज्य सरकार और वन विभाग का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए मांग की कि प्रभावित गांवों के ग्रामीणों को हाथियों से बचाव के लिए तत्काल मशाल, टॉर्च एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराई जाए। इसके साथ ही जिन किसानों और ग्रामीणों की फसल, घर या संपत्ति को नुकसान हुआ है, उन्हें जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए।

तीन विश्वविद्यालयों में नये कुलपति नियुक्त

रांची। झारखंड के तीन विश्वविद्यालयों में नये कुलपतियों की नियुक्ति की गई है। इस संबंध में मंगलवार को राजभवन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई।जारी अधिसूचना के अनुसार, प्रोफेसर राजीव मनोहर को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू), रांची का कुलपति नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।इसी तरह डॉ.एला कुमार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है। वह फिलहाल इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वीमेन (आईजीडीटीयूडब्ल्यू), दिल्ली में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।वहीं अभय कुमार सिंह को झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (जेएसओयू), रांची का कुलपति नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर (बिहार) में प्रोफेसर एवं डीन के पद पर कार्यरत हैं।अधिसूचना के अनुसार, तीनों कुलपति पदभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम तीन वर्ष की अवधि तक या कुलाधिपति की इच्छा के अनुसार अपने पद पर कार्य करेंगे। साथ ही इन नियुक्तियों के लिए उम्मीदवारों के मूल संस्थानों से सतर्कता क्लीयरेंस प्राप्त होना अनिवार्य होगा।

मनरेगा कर्मचारी संघ का धरना प्रदर्शन

संताल एक्सप्रेस /साहिबगंज। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ के बैनर तले मनरेगा कर्मचारियों ने जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. धरना प्रदर्शन में जिले के बोरियो, उधवा, बरहरवा, पतना, मंडरो सहित विभिन्न प्रखंडों से आए मनरेगा कर्मचारी शामिल हुए और सरकार से अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की.धरना को संबोधित करते हुए संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मनरेगा कर्मी लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं. लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है. उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मियों को नियमितीकरण, मानदेय में बढ़ोतरी, सेवा सुरक्षा सहित अन्य सुविधाएं दी जानी चाहिए.कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा.

पूर्व रेलवे

पूर्व रेलवे खुला ठिका खोबोर सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-26, माहित 09.03.2026; वरिष्ठ मंडल विद्युतअभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी फन्डाव लागित् विद्युत ठिकादारी रेयाक् चालू लाइसेंस आर सुपरवाइजरी लाइसेंस आर काडडी रूप रे कामी दाड़ेयानकोठिकादारको ठेन खोन ई-ठिकाको नेवतायेत् कानाः ठिका केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2025-26-26, कामी रेयाक् जुतुमः एसटीएन-जेएजे अनुभाग तारी रे लूप लाइनको जेलेत्र आर ओसार। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 1,46,86,483.98; **बायना पायसाः** रु. 2,23,400; **झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 07.04.2026 हिलोक् 15.00 बजे। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** आंगोच साकाम जारीक रेयाक् तारीक खोन 9 चान्दो। दारखास रेयाक् सोमोयः झिजुक् रेयाक् तारीक खोन 45 दिन। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे होंको जेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-384/2025-26)

ठिका खोबोरको दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे होंबेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोडे पांगालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

डायन के शक में युवक ने की वृद्धा महिला की हत्या, गिरफ्तार

जमशेदपुर। जिले के पोटका थाना क्षेत्र के कालिकापुर में होली के दिन दिनदहाड़े हुई वृद्ध महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा करते हुए आरोपित राजू पुराण (25) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से हत्या में प्रयुक्त कटारी, घटना के समय पहने गए कपड़े और बाइक भी बरामद कर लिया है।घटना चार मार्च की है, जब कालिकापुर के पास बोहड़ागुटु गांव की रहने वाली सुभाषिनी नायक (62) की निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी।

साहिबगंज में बाइक पेड़ से टकराई,दो युवकों की मौत

सनोज के सर पर सजने वाला था सेहरा,उठ गई अर्थी

संताल एक्सप्रेस

साहिबगंज । साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभापुर डेरा के समीप गत रात एनएच 80 पर हुई सड़क हादसे में दो युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. मृतक युवक सदर प्रखंड क्षेत्र के शोभनपुर भट्ठा व साहिबगंज नगर के तालबन्ना मुहल्ला का रहने वाला था.मिली जानकारी के अनुसार शोभापुर भट्ठा निवासी देवानंद यादव के 18 वर्षीय पुत्र बादल कुमार यादव एवं तालबन्ना मोहल्ला निवासी राजकुमार यादव का 23 वर्षीय पुत्र सनोज कुमार यादव मोटरसाइकिल से महादेवगंज शादी समारोह में भोज खाने के लिए गया था.भोज खाने के बाद दोनो साहिबगंज स्टेशन रात में आया था.और फिर मोटरसाइकिल से महादेवगंज लौट रहा था.इसी दौरान शोभापुर डेरा के समीप सामने से आ रहे बड़े वाहन के हेडलाइट से मोटर साइकिल

चला रहे युवक का आंख चौंधरा गया.जिसके कारण मोटरसाइकिल एन एच 80 किनारे पीपल के पेड़ से जा टकराया.टक्कर इतनी भयावह थी कि मोटरसाइकिल संख्या जेएच 18 एल 4850 बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया.और दोनो युवक की मौत मौके पर ही हो गई.मामले की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल व नगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनो युवक को सदर अस्पताल लेकर पहुंचा. जहां ने दोनों युवकों को मृत्यु घोषित कर दिया गया. वही हुई दुर्घटना के बाद मृतक बादल कुमार यादव एवं सनोज कुमार यादव के घरों में मातमी सन्नाटा पड़ा हुआ है.और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है.

सनोज के सर पर सजने वाला था सेहरा,उठ गई अर्थी

बिति रात शोभनपुर डेरा में हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में मौत की नींद सो गये तालबन्ना मुहल्ला निवासी सनोज कुमार यादव के सर पर सेहरा सजने वाला था.लेकिन सनोज की अर्थी उठ गई.मृतक सनोज के पिता राजकुमार यादव ने बताया कि रात में सनोज महादेवगंज से भोज खाकर घर आया और मोटरसाइकिल घर में घुसा कर फिर दुसरे मोटरसाइकिल से महादेवगंज चला गया. उन्होंने बताया कि कल ही सनोज का छेका होने वाला था. हमारे दामाद ने आकर हमें बताया कि सनोज की मौत हो गई है.

परिजनो ने किया सड़क जाम

पुलिस ने मंगलवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम करने के बाद दोनों युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया. वही मृतक युवक बादल कुमार यादव के आक्रोशित परिजनों व लोगो ने तालबन्ना में एनएच 80 को जाम कर दिया. हालांकि मामले की सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी अनिश कुमार पांडेय जाम स्थल पर लोगो को समझा बुझा कर एन एच 80 जाम को समाप्त करवा दिया.जिसके कारण एन एच 80 पर वाहनों का परिचालन प्रारंभ हो गया.

गंगा नदी के संरक्षण को लेकर एनजीटी में सुनवाई आज

साहिबगंज । सामाजिक कार्यकर्ता सैयद अरशद नसर द्वारा साहिबगंज जिले से गुजरनें वाली गंगा नदी व जलीय जीव जंतु व संरक्षित डाल्फिन के संरक्षण व संवर्धन हेतू व गंगा नदी के आस-पास व गंगा नदी से स्टोन बोल्डर,चिप्स,मेटल के परिवहन व भंडारण के रोकथाम हेतु व गंगा नदी को प्रदुषण से बचाने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल,ईस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या-162/23 की सुनवाई एनजीटी के जस्टिस अरूण कुमार त्यागी व एनजीटी के एक्सपर्ट मेंबर डॉ.ए.संथील वेल बुधवार को 10.30 बजे से करेगें.14 महीने पर जेल से बाहर आने के बाद अरशद सुनवाई में भाग लेने के लिए कोलकाता पहुंच गए हैं.

हाथी ने घर तोड़ा, दीवार गिरने से 5 माह की बच्ची की दबकर मौत

गुमला। गुमला जिला अंतर्गत करंज थाना क्षेत्र के सरगांव पतराटोली गांव में एक जंगली हाथी ने बीते रात जमकर उत्पात मचाया।जंगली हाथी ने चंदन उरांव के घर को तोड़ दिया जिसके दीवार गिरने से पांच माह की बच्ची की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीते रात 11 बजे की बताई जा रही है।उस वक्त घर में चंदन उरांव अपनी पत्नी बच्चों के साथ सोए हुए थे। तभी गजराज ने घर में तोड़फोड़ मचाना शुरू कर दिया।

सीयूजे में जीएसटी सुधारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन

संताल एक्सप्रेस

रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के अर्थशास्त्र एवं विकास अध्ययन विभाग द्वारा अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार और भारत की विकास क्षमता- सम्मेलन के पहले दिन राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान, नई दिल्ली ; राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला; हैदराबाद विश्वविद्यालय; केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान तथा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची सहित विभिन्न राज्यों और संस्थानों से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, संकाय सदस्यों तथा जीएसटी अधिकारियों ने भाग लिया और जीएसटी की बदलती संरचना तथा भारत की आर्थिक प्रगति में उसकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम की शुरुआत अर्थशास्त्र एवं विकास अध्ययन विभाग की अध्यक्ष डॉ. संहिता

सुचरिता के स्वागत भाषण से हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. जे. वी. एम. शर्मा, अर्थशास्त्र विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय ने भारत में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के इतिहास, जीएसटी लागू होने की परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए जीएसटी के नए सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया।जीएसटी प्रशासन की ओर से सुबोध कुमार, सहायक आयुक्त, जीएसटी, झारखंड ने उत्पादकों और निर्माताओं के बीच जीएसटी के क्रियान्वयन पर अपने विचार रखे। वहीं श्री आत्मचैतन्य चौधरी, सहायक आयुक्त, जीएसटी, झारखंड ने कर प्रणाली के सरलीकरण और तार्किकीकरण के माध्यम से विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने पर जोर दिया।मुख्य अतिथि प्रो. एन. आर. भानुमूर्ति, निदेशक, मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने कहा कि जीएसटी ने भारत की कर प्रणाली को सरल और अधिक न्यायसंगत बनाया है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. के. बी. पांडा, अध्यक्ष, सांख्यिकी एवं डेटा साइंस विभाग, सीयूजे ने जीएसटी को आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने वाला महत्वपूर्ण सुधार बताया। एक विशेष सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. रंजन कुमार मोहंती, सहायक प्राध्यापक, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने जीएसटी की मूल अवधारणा, इसकी विभिन्न कर श्रेणियों तथा आईजीएसटी, सीजीएसटी और एसजीएसटी जैसे घटकों की जानकारी दी और कहा कि एक प्रभावी जीएसटी व्यवस्था भारत की आर्थिक वृद्धि को गति दे सकती है।विशिष्ट अतिथि प्रो. नारायण सेठी, अध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला ने जीएसटी का वित्तीय समावेशन और लोगों के कल्याण पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा करते हुए अपने अनुभवजन्य शोध अध्ययनों के निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

झारखंड में देश का 40 प्रतिशत खनिज,लेकिन यूनिट लगाने की नीति नहीं : सरयू

रांची (हि.स.)। सदन में बजट पर चर्चा के दौरान जदयू के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को श्रम विभाग उद्योग कौशल विभाग की कटौती प्रस्ताव पर राज्य के औद्योगिक विकास और युवाओं के कौशल विकास से जुड़े मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में देश का लगभग 40 प्रतिशत खनिज संसाधन होने के बावजूद संसाधनों के आधार पर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने की कोई ठोस नीति नहीं है।उन्होंने कहा कि राज्य में युनिट नहीं लगने के कारण राज्य के कच्चे संसाधन बाहर चले जाते हैं। यहां अपेक्षित उद्योग विकसित नहीं हो पाते हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग नीति को समय-समय पर बदलते हालात और प्राथमिकताओं के अनुसार संशोधित किया जाना चाहिए। दो से तीन साल के अंतराल पर उद्योग नीति की समीक्षा कर जरूरी बदलाव किया जाना चाहिए। यदि सरकार औद्योगिक विकास के लिए आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान देगी तो राज्य में निवेश बढ़ेगा और इसका सीधा लाभ श्रमिकों और युवाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि एक अध्ययन के अनुसार इंजीनियरिंग के 80 प्रतिशत से अधिक छात्रों में वास्तविक इंजीनियरिंग कौशल की कमी पाई जाती है, लेकिन कहीं भी स्कील डेवलवमेंट नहीं कराई जा रही है। यदि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण नहीं मिलेगा तो वे उद्योगों में लंबे समय तक टिक नहीं पाएंगे। ऐसे में वर्तमान समय के तकनीकी बदलावों को देखते हुए युवाओं को नई तकनीकों के अनुसार प्रशिक्षण देने की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एजीआई और चैटजीपीटी जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को भविष्य के उद्योगों के लिए तैयार किया जाना चाहिए। राय ने कहा कि राज्य में वर्तमान में टाटा जैसे 26 मेगा उद्योग, 106 बड़े और मध्यम श्रेणी के उद्योग तथा 18 हजार से अधिक पंजीकृत माइक्रो और स्मॉल यूनिट्स कार्यरत हैं। सरयू राय ने कहा कि राज्य में अब तक आठ हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिससे लगभग 63 हजार लोगों को रोजगार मिला है। जमीन के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों ने रैयतों से सीधे बातचीत कर लगभग आठ हजार एकड़ जमीन प्राप्त की है, जबकि सरकार के माध्यम से केवल करीब 3 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है।

रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

हाजीपुर/रांची। मुख्यालय, हाजीपुर में 05 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों

पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए।विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

मेयर और वार्ड पार्षद 18 को करेंगे शपथ ग्रहण

धनबाद। नगरपालिका चुनाव में धनबाद नगर निगम के मेयर और वार्ड पार्षद एवं चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद 18 मार्च को शपथ ग्रहण करेंगे।इसकी जानकारी देते हुए मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर और वार्ड पार्षदों के साथ 18 मार्च को पूर्वाह्न में समाहरणालय के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष एवं चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष तथा वार्ड पार्षद के लिए समाहरणालय के तृतीय तल पर स्थित कमरा नंबर 314 में बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद उन्हें शपथ दिलाई जाएगी।धनबाद नगर निगम के डिप्टी मेयर और चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष के लिए सुबह 11.30 से दोपहर 12.30 बजे तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया जाएगा। दोपहर 12.30 से 01 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रुटनी की जाएगी।

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

11 मार्च 2026, बुधवार

मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 160

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

न्यायिक अधिकारियों के काम में बाधा न हो : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से कहा है कि न्यायिक अधिकारियों को अपना काम सुचारू रूप से करने के लिए उचित और निर्बाध परिस्थितियां उपलब्ध कराई जाएं। न्यायिक अधिकारियों के लिए नए लॉग-इन आईडी जल्द बनाए जाएं।

कानून-व्यवस्था को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा

हंगामे के बीच आजसू विधायक निर्मल महतो मार्शल आउट

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

रांची । झारखंड विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार को हंगामे के साथ शुरू हुई। सदन शुरू होते ही भारतीय जनता पार्टी के विधायक विभिन्न मुद्दों को लेकर वेल में उतर आए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। विपक्ष के विरोध और नारेबाजी से सदन में भारी हंगामा हुआ। स्थिति तब और बिगड़ गई जब आजसू विधायक निर्मल महतो (तिवारी महतो) गुस्से में आसन के सामने पहुंच गए और रिपोर्टर टेबल पर मुक्का मार दिया। इसके बाद विधानसभा के मार्शलों ने उन्हें सदन से बाहर कर दिया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में चुनी हुई सरकार नहीं, बल्कि ÷बाबुओं की सरकार÷ चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय नहीं हैं। उन्होंने प्रश्नकाल स्थगित कर इस मुद्दे पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की मांग की।

सरकार की ओर से मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विपक्ष ने इस मुद्दे को नहीं उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष गंभीर चर्चा से ज्यादा सुर्खियां बटोरने की कोशिश कर रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कहीं भ्रष्टाचार या लापरवाही की जानकारी दी जाती है तो सरकार कार्रवाई करने को तैयार है।

हंगामे के दौरान सदन का माहौल और तनावपूर्ण हो गया। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के विधायकों ने तिवारी महतो को उकसाया, जबकि सरकार की ओर से इसे असंसदीय आचरण बताया गया। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने तिवारी महतो के व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रिपोर्टर टेबल को पीटना असंसदीय आचरण है और इससे सदन की गरिमा प्रभावित होती है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से भी अपने विधायक के व्यवहार पर ध्यान देने को कहा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने भी घटना की आलोचना करते हुए कार्रवाई की मांग की। वहीं भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि सत्ता पक्ष के उकसावे के कारण स्थिति बिगड़ी। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि सरकार की ओर से विपक्ष को शांत रहने और सदन चलाने का आग्रह किया गया था, लेकिन तिवारी महतो का व्यवहार अनुचित था।

विदेश में मजदूर की मौत होने पर प्लेन से शव लाएगी सरकार : मंत्री

रांची । विदेश में किसी प्रवासी मजदूर की मौत होने पर उसके शव को भारत लाने के लिए रेल या हवाई यात्रा का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। यह बातें मंत्री संजय प्रसाद यादव ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान श्रम, नियोजन, कौशल विकास एवं उद्योग विभाग की कटौती प्रस्ताव के बाद मांगों पर चर्चा के दौरान मंगलवार को सदन में जवाब देते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार प्रवासी श्रमिकों के हितों की रक्षा और उनके परिवारों को सहायता देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में मौत के शिकार हुए 273 प्रवासी श्रमिकों के परिजनों को अबतक 02 करोड़ 85 लाख रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है।

असम के आदिवासियों को अधिकारों के लिए लड़नी होगी कानूनी लड़ाई : हेमंत

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को आदिवासी स्टूडेंट यूनियन ऑफ असम, जारी शक्ति और आदिवासी कार्उंसिल ऑफ असम की ओर से बिस्वनाथ चारियाली स्थित मेजिकाजन चाय बागान में आयोजित एक जनसभा में मंगलवार को शामिल हुए।

मौके पर मुख्यमंत्री कहा कि असम में निवास करने वाले गरीब-गुरबा, किसान, आदिवासी वर्ग के लोगों पर लम्बे समय से अत्याचार और शोषण की बातें लगातार मैंने सुनी है। उन्होंने कहा कि आप सभी लोगों ने यहां पर कई राजनीतिक और सामाजिक उतार-चढ़ाव देखे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों से आप सिर्फ असम नहीं बल्कि इस देश के चाय व्यापार जगत का अभिन्न अंग है। आपके बूते ही चाय उद्योग चल रहा है। असम के आदिवासी समुदाय के वैसे लोग जो चाय उद्योग में कार्य करते हैं उन्हें काम के बदले मेहनताना के रूप में क्या मिलता है यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि आप लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते-लड़ते क्रांतिकारी नेता प्रदीप नाग ने अपने प्राण की आहुति दी। उन्होंने कहा कि असम के आदिवासी समुदाय को उनका अधिकार मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य झारखंड में भी जल, जंगल, जमीन का संरक्षण और आदिवासी समुदाय की पहचान एवं उनके अधिकार के लिए लम्बा संघर्ष हुआ। लगभग 50 वर्ष के संघर्ष के बावजूद जब परिणाम सकारात्मक नहीं रहा तब हमारे नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन सहित कई नेताओं ने अलग राज्य लेने का निर्णय किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग झारखंड राज्य बनने के बाद यह दुर्भाग्य रहा कि हमारे आदिवासी समुदाय के लोग आर्थिक, बौद्धिक और सामाजिक रूप से मजबूत नहीं बन सके। हमारी सरकार अब झारखंड के आदिवासी समुदाय के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम में रहने वाले आदिवासी भाई-बहनों को यहां एक बड़े परिवर्तन की रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस परिवर्तन के लिए यह जरूरी है कि हम सभी लोगों को एक छत और एक छांव पर आना होगा। अब यहां के आदिवासी समुदाय को बौद्धिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग उस समुदाय के लोग हैं जो संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटते हैं। आदिवासी समुदाय कभी भी किसी का बुरा नहीं चाहता है। किसी का शोषण या किसी के सम्मान को ठेस पहुंचाना हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं रहा है। अब हम अपना हक-अधिकार कैसे लेंगे यह हम सभी को पता है। उन्होंने कहा कि आप सभी को संविधान से मिले अधिकारों के लिए कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह विडंबना है कि हजारों वर्षों से असम में निवास करने वाले आदिवासी समाज के साथ आखिर भेदभाव क्यों किया जा रहा है, उन्हें आदिवासी का दर्जा भी नहीं मिल रहा है। असम का एक बहुत बड़ा धड़ा कई यातनाओं से गुजर रहा है, इतना बड़ा समूह वर्तमान समय में अपने अधिकार और सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्थिति को बदलने के लिए हम सभी को चट्टान की तरह एकजुट रहना पड़ेगा।

तेल-गैस को लेकर घबराएं नहीं, पर्याप्त आपूर्ति : मोदी

नई दिल्ली । ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रही जंग ने दुनिया भर में एनर्जी संकट पैदा कर दिया है। कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रालयों को निर्देश दिया कि मिडिल ईस्ट संकट के बावजूद भारत में एलपीजी, सीएनजी और पीएनजी की आपूर्ति पर असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने सभी अहम मंत्रालयों को किसी भी संभावित चुनौती के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पीएम मोदी ने कहा है कि फिलहाल ईंधन और गैस को लेकर भारत में कोई कमी नहीं है. देश में एलपीजी की पर्याप्त मात्रा है, घबराने की आवश्यकता नहीं है।

साहिबगंज पाइपलाइन जलापूर्ति योजना पूरी करने के लिए हाईकोर्ट ने सरकार को दिया 45 दिनों का समय

संवाददाता

रांची । साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को इस परियोजना को पूरा करने के लिए 45 दिनों का अंतिम मौका दिया है।

उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर यदि साहिबगंज में घर-घर पेयजल पहुंचाने की योजना पूरी नहीं होती है, तो इसके लिए पेयजल एवं

स्वच्छता विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ को जिम्मेदार माना जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है।

सुनवाई के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), साहिबगंज की ओर से स्थल निरीक्षण की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत की गई, जिसका अदालत ने अध्ययन किया। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्ष 2008 से यह योजना चल रही है, लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। अदालत ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा कई बार इस परियोजना को पूरा करने का आश्वासन देकर समय मांगा गया है। वहीं, अंडरग्राउंड पाइपलाइन के क्षतिग्रस्त होने से कई जगहों पर पानी रिसने की समस्या सामने आई है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने अदालत को बताया कि साहिबगंज में पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक जलापूर्ति शुरू हो जाने का सरकार का दावा सही नहीं है। उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड पाइपलाइन से पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे लोगों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शाहबाज अख्तर ने पक्ष रखते हुए कहा कि परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है और यदि कुछ कार्य शेष हैं तो उन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

बहरागोड़ा : केनरा बैंक में 15 लाख की डकैती कर हथियारबंद अपराधी हुए फरार

संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम । जिले के बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े बैंक डकैती की बड़ी वारदात सामने आई है। बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के साकरा स्थित केनरा बैंक की शाखा में पांच नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर करीब 15 लाख रुपये लूट लिए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में बैंक में सामान्य कामकाज चल रहा था और कर्मचारी लंच की तैयारी में थे। इसी दौरान पांच युवक ग्राहक बनकर बैंक परिसर में दाखिल हुए। अंदर पहुंचते ही उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क लगा लिया और पिस्तौल निकालकर बैंक कर्मियों पर तान दी। अचानक हुई इस घटना से बैंक में मौजूद कर्मचारियों और ग्राहकों में अफरा-तफरी मच गई।

अपराधियों ने बैंक कर्मियों को जान से मारने की धमकी

देते हुए सभी को एक कोने में बंधक बना लिया। इसके बाद उन्होंने कैश काउंटर और तिजोरी में रखी रकम समेट ली। बताया जा रहा है कि अपराधी करीब 15 लाख रुपये नकद लेकर फरार हो गए। इस दौरान उन्होंने बैंक कर्मचारियों के निजी सामान भी नहीं छोड़े और उनके मोबाइल फोन, पर्स और सोने की चेन भी छीन ली।

प.बंगाल व झारखंड में 192 किमी नेटवर्क का होगा विस्तार

● रेलवे ने दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को दी मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को रेल मंत्रालय की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनकी कुल अनुमानित लागत 4,474 करोड़ रुपये है और इन्हें वर्ष 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वीकृत परियोजनाओं में सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन (81 किमी) तथा संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन (111 किमी) शामिल हैं। इन परियोजनाओं से भारतीय रेलवे की मौजूदा नेटवर्क क्षमता में लगभग 192 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

उन्होंने संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन परियोजना को लेकर कहा कि संतरागाछी कोलकाता के चार बड़े रेलवे स्टेशनों में से एक है। इस स्टेशन पर बहुत सारा विकास कार्य चल रहा है। यह छह मंजिला स्टेशन बनकर तैयार हो रहा है। दोनों परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और झारखंड के कुल पांच जिलों को कवर करेंगी। इससे लगभग 5,652 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, जहां करीब 1.47 करोड़ की आबादी निवास करती है। इन परियोजनाओं से बोलपुर-शांतिनिकेतन, नंदिकेश्वरी मंदिर (शक्तिपीठ), तारापीठ (शक्तिपीठ), पटचित्र ग्राम, धादिका वन, भीमबांध वन्यजीव अभयारण्य और रामेश्वर कुंड जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की रेल कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

एक्सएलआरआई, रांची व जामताड़ा सिविल कोर्ट को मिली बम से उड़ाने की धमकी

संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम । जमशेदपुर स्थित प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई - जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को शहर में हड़कंप मच गया। यह धमकी संस्थान को एक अज्ञात ई-मेल के माध्यम से भेजी गई थी। ई-मेल मिलते ही संस्थान प्रबंधन में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

रांची। रांची सिविल कोर्ट को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया।

ई-मेल के जरिए मिली इस धमकी के बाद रांची पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई और अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। हालांकि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है।

जामताड़ा । जामताड़ा सिविल कोर्ट को ड्रोन से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद,प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि तमिलनाडु की एक कथित साउथ ऑर्गनाइजेशन के नाम से धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है और एहतियात के तौर पर कोर्ट परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीतिश निलेश सांगा ने कोर्ट परिसर और जिला अधिवक्ता संघ परिसर का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया और अधिवक्ताओं से बातचीत कर जानकारी ली।

विधानसभा में संताल परगना के जनप्रतिनिधियों की गुहार

झारखंड में औद्योगिक विकास से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : प्रदीप यादव

रांची । झारखंड विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान विधायक प्रदीप यादव ने श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग की अनुदान मांगों का समर्थन करते हुए विपक्ष के कटौती प्रस्तावों का विरोध किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने राज्य की औद्योगिक क्षमता, बेरोजगारी की स्थिति और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी। प्रदीप यादव ने कहा कि पखनिज संपदा के मामले में राज्य का देश में दूसरा स्थान है। कोयला उत्पादन में झारखंड अग्रणी है, जबकि लोहा और इस्पात उत्पादन में भी राज्य की महत्वपूर्ण भागीदारी है। यदि इन संसाधनों का योजनाबद्ध तरीके से उपयोग किया जाए तो राज्य में बड़े पैमाने पर उद्योग स्थापित हो सकते हैं और युवाओं को रोजगार मिल सकता है। उन्होंने बेरोजगारी के मुद्दे पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी दर करीब 7 से 8 प्रतिशत के आसपास बताई जा रही है, जबकि झारखंड की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। उनके अनुसार राज्य में बेरोजगारी दर लगभग 3.2 प्रतिशत है और इस मामले में झारखंड देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है।

60 किमी के अंदर दूसरे टोल प्लाजा बंद हो : प्रदीप यादव

रांची । झारखंड विधानसभा में विधायक प्रदीप यादव नने टोल प्लाजा से जुड़े मामले को उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार 60 किलोमीटर के दायरे में एक ही टोल प्लाजा होना चाहिए, लेकिन उनके क्षेत्र में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में भी यह घोषणा की थी कि 60 किलोमीटर के भीतर दूसरा टोल प्लाजा नहीं लगाया जाएगा। इसके बावजूद उनके विधानसभा क्षेत्र में पहले से मौजूद टोल प्लाजा के अलावा दूसरा टोल प्लाजा भी संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरैयाहट के पास पहले से एक टोल प्लाजा है, लेकिन उससे करीब 26 किलोमीटर की दूरी पर दूसरा टोल प्लाजा बनाकर वसूली की जा रही है। इससे क्षेत्र के गरीब और आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

लिट्टीपाड़ा में जीवाश्म का संरक्षण और फॉसिल पार्क का निर्माण कराया जाए : हेमलाल मुर्मू

रांची । झारखंड विधानसभा के शून्यकाल के दौरान लिट्टीपाड़ा से विधायक हेमलाल मुर्मू ने अपने विधानसभा क्षेत्र में मिले जीवाश्मों का मुद्दा उठाते हुए उनके संरक्षण की मांग की।

उन्होंने कहा कि लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जरमुंडी, अमरपारा समेत अन्य क्षेत्र में नदी किनारे समेत कई स्थानों पर जीवाश्म मिलने की जानकारी सामने आई है। यह क्षेत्र जैव विविधता और प्राचीन प्राकृतिक धरोहर के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हो सकता है। विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग की कि इन जीवाश्मों और जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में फॉसिल पार्क का निर्माण कराया जाए, ताकि इन प्राकृतिक धरोहरों का संरक्षण हो सके और भविष्य में यह स्थान पर्यटन और शोध के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र बन सके। उन्होंने कहा कि यदि यहां फॉसिल पार्क विकसित किया जाता है तो इससे न केवल क्षेत्र की जैव विविधता सुरक्षित होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को पर्यटन के माध्यम से रोजगार के अवसर भी मिल सकते हैं।

देवघर में सड़क निर्माण का कार्य लंबे समय से अधूरा : सुरेश पासवान

रांची । झारखंड विधानसभा में देवघर विधानसभा क्षेत्र की सड़क निर्माण से जुड़ी समस्या का मुद्दा उठाया गया। विधायक सुरेश पासवान ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क निर्माण का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि देवघर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कैरोन पंचायत के कैथी ग्राम में लगभग 5-6 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य ग्रामीण कार्य विभाग के तहत कराया जा रहा था। लेकिन लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी संवेदक द्वारा सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं किया गया है। विधायक ने कहा कि सड़क अधूरी रहने के कारण आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। उन्होंने सदन के माध्यम से राज्य सरकार से मांग की कि संबंधित संवेदक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए और अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को राहत मिल सके।

किसानों पर गंभीर सिंचाई संकट : धनंजय

रांची । झारखंड विधानसभा के शून्यकाल के दौरान बोरियो से विधायक धनंजय सोरेन ने अपने क्षेत्र की सिंचाई समस्या का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि गोड्डा जिला के अंतर्गत कुसुमघाटी क्षेत्र में किसानों को गंभीर सिंचाई संकट का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कुसुम घाटी पंचायत के अंतर्गत रामाचूरिया नामक स्थान पर सुंदर डैम का पानी नदी में तेजी से बह जाता है, जिससे आसपास के गांवों तक सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता। इसके कारण करीब 40 गांवों के किसानों की खेती प्रभावित हो रही है। धनंजय सोरेन ने कहा कि यदि रामाचूरिया स्थान पर एक चेक डैम का निर्माण कराया जाए तो पानी का संचयन संभव होगा और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को काफी राहत मिलेगी।

ग्रामीण जलापूर्ति योजना को जल्द चालू कराई जाएं : निसात

रांची । पाकुड़ विधायक निसात आलम ने कोटालपोखर बाजार के लिए बनाई गई ग्रामीण जलापूर्ति योजना को जल्द चालू कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने झारखंड विधानसभा में इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। विधायक ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से कोटालपोखर बाजार के लिए ग्रामीण जलापूर्ति योजना बनाई गई थी, लेकिन यह योजना पिछले लगभग एक वर्ष से बंद पड़ी है। इसके कारण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है और उन्हें बाजार से पानी खरीदकर पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

हेमलाल मुर्मू ने अवैध खनन और देवेंद्र कुंवर ने टेट शिक्षकों के ग्रेड पे का मुद्दा उठाया

रांची । बजट सत्र के दौरान विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दे भी जोरदार तरीके से उठाए गए। विधायकों ने अवैध खनन, टेट पास शिक्षकों के ग्रेड पे में असमानता और अल्पसंख्यक स्कूलों की सुविधाओं जैसे विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया। लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने अवैध खनन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस पर जिला टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा सदन के सामने रखा जाना चाहिए। इस पर संबंधित मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने आश्वासन दिया कि वर्तमान सत्र के दौरान ही अवैध खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी सदन को उपलब्ध करा दी जाएगी। वहीं जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर ने टेट पास शिक्षकों के ग्रेड पे में अंतर का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में टेट पास शिक्षकों को 4200 से 4800 रुपये तक ग्रेड पे दिया गया था, जबकि वर्ष 2023 में सफल शिक्षकों को मात्र 2400 से 2800 रुपये तक ही ग्रेड पे दिया जा रहा है, जिससे असमानता की स्थिति बन रही है। इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सभी को समान ग्रेड पे देने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन नहीं है। इसी दौरान विधायक अरूप चटर्जी ने अल्पसंख्यक स्कूलों को सरकारी स्कूलों के समान सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी।

साहिबगंज कॉलेज की बाउंड्री वॉल का निर्माण जरूरी : एमटी राजा

रांची । राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के तहत् साहिबगंज महाविद्यालय के क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवॉल यास तूफान के दौरान क्षतिग्रस्त होने एवं बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण महाविद्यालय परिसर असुरक्षित होने व असामाजिक तत्वों के प्रवेश को लेकर मामला सदन में उठाए हैं. उन्होंने सदन को अवगत कराया है कि साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज जिला के लिए एक विशेष गौरव का प्रतीक है।

विपक्ष की भूमिका पर उठते सवाल

भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था संसद है। यही वह मंच है जहाँ जनता के प्रतिनिधि देश के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हैं, सरकार से जवाबदेही मांगते हैं और राष्ट्रीय हित में नीतियों का निर्माण करते हैं। लोकतंत्र में संसद देश की सामूहिक चेतना का प्रतीक भी होती है, यहाँ होने वाली बहसें सरकार की नीतियों को दिशा देती हैं और जनता की आकांक्षाओं और समस्याओं को भी राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाती हैं। यही कारण है कि संसद से यह अपेक्षा की जाती है कि यहाँ होने वाली हर बहस का केंद्र भारत और उसके नागरिकों की समस्याएँ हों।वस्तुत- हाल ही में संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन जो दृश्य सामने आया, उसने अवश्य आज लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष तथा पश्चिम एशिया की स्थिति पर संसद में चर्चा की मांग को लेकर इतना हंगामा कर दिया कि लोकसभा की कार्यवाही चल ही नहीं सकी। यह स्थिति तब पैदा हुई जब सरकार की ओर से विदेश मंत्री पहले ही इस विषय पर संसद में विस्तृत जानकारी दे चुके थे। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में जनहित का मुद्दा था या फिर राजनीतिक विरोध के लिए संसद को बाधित करने की रणनीति?विदेश मंत्री ने राज्यसभा और लोकसभा दोनों में पश्चिम एशिया की स्थिति पर विस्तार से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौजूदा संघर्ष भारत के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। इसके अलावा भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी क्षेत्र पर निर्भर है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है और अब तक हजारों भारतीयों को सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाया जा चुका है। संबंधित मंत्रालयों और विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा जा रहा है।सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि संघर्ष के कारण वैश्विक सप्लाई चेन और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो सकती है इसलिए भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्री ने यह भी स्वीकार किया कि ईरान की मौजूदा परिस्थितियों में नेतृत्व स्तर पर संपर्क करना कठिन हो गया है, किंतु भारत हमेशा शांति, संवाद और कूटनीतिक समाधान का पक्षधर रहा है।जब सरकार इस विषय पर संसद को जानकारी दे चुकी थी, तब भी विपक्ष का लगातार ÷वी वांट डिस्कशन÷ के नारे लगाना और सदन की कार्यवाही बाधित करना कई प्रश्नों को जन्म देता है। क्या विपक्ष को यह ज्ञात नहीं कि भारत एक विशाल और जटिल देश है, जहाँ 140 करोड़ से अधिक लोगों की आकांक्षाएँ और समस्याएँ हैं? रोजगार, कृषि संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता, बुनियादी ढाँचे का विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और जल संकट जैसे अनेक विषय हैं, जिन पर संसद में गहन और गंभीर चर्चा की आवश्यकता है।यह एक गहन तथ्य है कि भारत की अर्थव्यवस्था आज लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर के आकार तक पहुँच चुकी है और सरकार इसे आने वाले वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह लक्ष्य तभी हासिल किया जा सकता है जब उद्योगों में निवेश बढ़े, रोजगार सृजन की गति तेज हो और युवाओं को व्यापक अवसर मिलें। हर वर्ष लगभग एक से सवा करोड़ युवा श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। यदि इतने बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध नहीं हुए तो बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष दोनों बढ़ सकते हैं।इसका एक कारण यह भी है कि वर्तमान में देश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यह स्थिति भारत को एक बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ प्रदान करती है, जिसे डेमोग्राफिक डिविडेंड कहा जाता है, किंतु इसका लाभ तभी लिया जा सकता है जब युवाओं को पर्याप्त शिक्षा, कौशल और रोजगार के अवसर उपलब्ध हों।

पश्चिम एशिया युद्ध के बीच भारत की रसोई गैस सुरक्षा पर बढ़ा संकट

अजय कुमार,

पश्चिम एशिया में भड़का युद्ध अब केवल भू-राजनीति का सवाल नहीं रह गया है, बल्कि यह सीधे भारत की रसोई और अर्थव्यवस्था तक पहुंच चुका है। अमेरिका-ईरान संघर्ष और उसके बाद स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में पैदा हुई अस्थिरता ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने रसोई गैस यानी एलपीजी की आपूर्ति बनाए रखने के लिए असाधारण कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू खपत के लिए आरक्षित करने का फैसला किया है। यह कदम बताता है कि संकट की स्थिति में सरकार की पहली प्राथमिकता आम नागरिकों की रसोई को सुरक्षित रखना है। भारत की ऊर्जा संरचना का एक बड़ा सच यह है कि देश अपनी जरूरतों के मुकाबले एलपीजी का पर्याप्त उत्पादन नहीं करता। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में भारत में कुल 31.3 मिलियन टन एलपीजी की खपत हुई, जबकि घरेलू उत्पादन केवल 12.8 मिलियन टन रहा। यानी देश की कुल जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात के सहारे पूरा होता है। यही वजह है कि जब भी खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है तो उसका असर सीधे भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है।भारत के लिए यह निर्भरता इसलिए भी जोखिमपूर्ण है क्योंकि एलपीजी का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। अनुमान है कि भारत के एलपीजी आयात का लगभग 85-90 प्रतिशत हिस्सा सऊदी अरब, कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से आता है। इन सभी देशों से आने वाली ऊर्जा आपूर्ति का मुख्य मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज है, जो विश्व ऊर्जा व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री गलियों में से एक है। जब यह मार्ग युद्ध या तनाव के कारण बाधित होता है तो पूरी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो जाती है।मौजूदा संघर्ष में भी यही स्थिति पैदा हुई है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण इस समुद्री मार्ग में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे वैश्विक तेल और गैस बाजार में अनिश्चितता बढ़ी है और कई देशों ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर आपात योजनाएं बनानी शुरू कर दी हैं। भारत ने भी इसी पृष्ठभूमि में एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन प्रावधानों का सहारा लिया है।

सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर नियंत्रित करने का फैसला किया है। इसके तहत घरेलू रसोई गैस की सप्लाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। साथ ही पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति को भी 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा उर्वरक संयंत्रों को लगभग 70 प्रतिशत और उद्योगों को लगभग 80 प्रतिशत गैस उपलब्ध कराने की व्यवस्था तय की गई है।इन कदमों का उद्देश्य स्पष्ट है अगर ऊर्जा संकट गहराता है तो सबसे पहले घरों और परिवहन क्षेत्र को गैस मिलेगी, उसके बाद उद्योगों और अन्य क्षेत्रों को। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए 25 दिन का इंटर-बुकिंग नियम भी लागू किया है, ताकि कोई भी उपभोक्ता तय समय से पहले सिलेंडर बुक न कर सके।लेकिन इस नीति का असर व्यावसायिक क्षेत्रों पर दिखने लगा है। देश के कई शहरों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति घटने लगी है। होटल और रेस्टोरेंट उद्योग से जुड़े संगठनों का कहना है कि कई स्थानों पर कमर्शियल गैस की सप्लाई 10 से 20 प्रतिशत तक कम हो गई है। इससे खासतौर पर छोटे और मध्यम आकार के होटल-रेस्टोरेंट पर बड़ा दबाव पड़ा है, जो रोज मिलने वाली गैस सप्लाई पर ही निर्भर रहते हैं।कुछ शहरों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि होटल संगठनों ने कारोबार बंद होने की चेतावनी तक दे दी है। उनका कहना है कि अगर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति नहीं होती तो कई रेस्टोरेंट अगले कुछ दिनों में बंद होने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसका असर केवल कारोबारियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन लाखों कर्मचारियों और ग्राहकों पर भी पड़ेगा जो रोजमर्रा के भोजन के लिए इन प्रतिष्ठानों पर निर्भर हैं।सरकार ने इस समस्या को देखते हुए तेल विपणन कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति भी बनाई है। यह समिति होटल, रेस्टोरेंट और अन्य उद्योगों की गैस जरूरतों की समीक्षा करेगी और तय करेगी कि सीमित संसाधनों के बीच इन क्षेत्रों को कितनी आपूर्ति दी जा सकती है।दरअसल यह संकट केवल तत्कालीन आपूर्ति का नहीं, बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति का भी सवाल है। पिछले एक दशक में देश में एलपीजी की खपत तेजी से बढ़ी है। उज्ज्वला योजना और शहरीकरण के कारण करोड़ों नए परिवार गैस पर निर्भर हो गए हैं। यही वजह है कि एलपीजी की मांग लगातार बढ़ रही है और आयात पर निर्भरता भी बढ़ती जा रही है।ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को भविष्य में ऐसे संकटों से बचने के लिए कई स्तरों पर तैयारी करनी होगी। सबसे पहला कदम घरेलू उत्पादन बढ़ाने का है। इसके लिए नई रिफाइनरियों, गैस प्रोसेसिंग संयंत्रों और पेट्रोकेमिकल ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। दूसरा महत्वपूर्ण कदम ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना है, ताकि खाड़ी क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता कम हो सके।इसके अलावा एलपीजी के रणनीतिक भंडार तैयार करने की जरूरत भी लंबे समय से महसूस की जा रही है। जिस तरह भारत ने कच्चे तेल के लिए रणनीतिक भंडारण बनाए हैं, उसी तरह एलपीजी के लिए भी बड़े भंडार तैयार किए जाएं तो संकट की स्थिति में कुछ महीनों तक घरेलू जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है।पश्चिम एशिया का मौजूदा युद्ध शायद कुछ समय बाद खत्म हो जाए, लेकिन इसने भारत को एक अहम सबक जरूर दिया है। ऊर्जा सुरक्षा केवल आर्थिक नीति का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता से भी जुड़ा सवाल है। जब वैश्विक भू-राजनीतिक संकट पैदा होता है तो उसका असर सबसे पहले आम नागरिक की रसोई पर पड़ता है। भारत के सामने चुनौती यही है कि वह इस संकट को चेतावनी के रूप में ले और अपनी ऊर्जा नीति को अधिक मजबूत और आत्मनिर्भर बनाए। क्योंकि जब तक देश अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहेगा, तब तक दुनिया के किसी भी कोने में भड़की आग उसकी रसोई तक पहुंचती रहेगी।

पाकुड़ की खबरें

बाईक ने मारी टक्कर तीन घायल

राजमहल-राजमहल थाना क्षेत्र के टपुवा गांव में मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी. जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. मिली जानकारी के अनुसार बाइक चालक नसीम शेख साहिबगंज की ओर से अपने घर मजार टोला जा रहा था. इसी दौरान टपुवा गांव के पास बाइक की रफ्तार काफी तेज होने के कारण चालक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क किनारे खड़े मीना देवी तथा सुधन मंडल को जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल घायलों को उठाकर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा.

एक सप्ताह में पेयजल आपूर्ति करने का लक्ष्य

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता अभिजीत किशोर द्वारा विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया गया?।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राज हाई स्कूल, रानी ज्योर्तिमय स्टेडियम, दुर्गा कॉलोनी, शिवपुरी कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों का मुआयना किया, जहां नई जलापूर्ति योजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी है। कार्यपालक पदाधिकारी ने स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए तथा जलापूर्ति कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया। इस दौरान बताया गया कि आगामी एक सप्ताह के भीतर इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिससे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। नगर परिषद द्वारा नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा नई जलापूर्ति योजना के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आरओ प्लांट का किया गया निरीक्षण

पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र में संचालित आरओ वाटर प्लांट्स में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद अमरेन्द्र कुमार चौधरी, सीओ अरविन्द कुमार बेदिया और सहायक अभियंता पीएचईडी अभिजीत किशोर द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न आरओ प्लांट्स का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में शीतल जल शीलता मंदिर रोड, मारवाड़ी मोहल्ला आरओ प्लांट, निर्मल जल मिशन गेट, पप्पू भगत आईसक्रीम एंड आरओ प्लांट तथा ब्लू एक्का प्लांट सहित अन्य वाटर आरओ प्लांट्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा पानी की गुणवत्ता, टीडीएस वैल्यू, पीएच वैल्यू, साफ-सफाई की स्थिति, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य आवश्यक मानकों की जांच की गई।कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी प्लांट संचालकों को निर्देश दिया कि वे वाटर कमर्शियल सप्लाई से संबंधित सभी निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा उपभोक्ताओं को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराएं। साथ ही नियमित रूप से पानी की जांच कराने एवं परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी आरओ प्लांट में मानकों का उल्लंघन या पानी की गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

लिट्टीपाड़ा में इफ्तार पार्टी का आयोजन



लिट्टीपाड़ा (पाकुड़) पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर लिट्टीपाड़ा प्रखंड के करियोडीह स्थित आवास पर हाजी समद अली की ओर से मंगलवार को सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे सैकड़ों रोजेदार, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और स्थानीय लोग शामिल हुए। इफ्तार से पूर्व सभी रोजेदारों ने पाकुड़ जिले सहित पूरे प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए सामूहिक दुआ मांगी। इसके बाद सभी ने एक साथ रोजा खोलकर आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इफ्तार पार्टी के आयोजक हाजी समद अली ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों और रोजेदारों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, त्याग, सेवा और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने भी इस तरह के आयोजनों को समाज में सौहार्द बढ़ाने वाला बताया।

161 सहायक आचार्य को नहीं मिला स्कूल, डीएसई कार्यालय में हाजिरी बनाकर चले जाते घर

संताल एक्सप्रेस

पाकुड़। जिले के सरकारी स्कूलों में नवनियुक्त सहायक आचार्यों को पदस्थापन न मिलने के कारण वे स्कूलों के बजाय जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में हाजिरी लगाने को मजबूर हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह साढ़े दस बजे सहायक आचार्यों की लम्बी लाइन जिला शिक्षा अधिक्षक के कार्यालय के बाहर लगे थे। लाईन में लगे सैकड़ों शिक्षकों से जानकारी लेने पर बताया कि हम सभी सहायक आचार्य है और पिछले दो दिसंबर से जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में सुबह हाजिरी बनाने आते है। विभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार साईस के 11 शिक्षक, भाषा के 11 व सामाजिक विज्ञान के 57 शिक्षक है। जबकि कक्षा एक से पांच तक के लिए 82 सहायक आचार्य है। हमलोगों को पिछले तीन माह से

स्कूल नहीं मिला है। स्कूल न मिलने के कारण प्रत्येक दिन दूर-दराज से आना पड़ता है। सुबह दस बजे तक कार्यालय पहुंच जाते है और 11 बजे हाजिरी बनाकर घर चले जाते है। विभाग का काम रहने पर शिक्षकों को रहना पड़ता है। मामले को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार से बात करने की कोशिश किया गया, लेकिन संपर्क न होने के कारण उसकी बात को नहीं रखा गया है।

शिक्षक के बिना स्कूल में पढ़ाई हो रही बाधित.....

जिले के सरकारी स्कूलों में लगातार शिक्षकों की घोर कमी हो रही है। जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है। प्राथमिक व मध्य विद्यालय में पढ़ाने वाले कुछ पारा शिक्षक का सहायक आचार्य में होने के बाद जिले के स्कूल की स्थिति और खराब हो गई है।

जानकारों की माने तो जब जिले में 161 सहायक आचार्य की बहाली हुई है तो तीन माह बीत जाने के बावजूद स्कूल किस कारण से नहीं दिया गया है। यादि विभाग इन शिक्षकों विभिन्न स्कूलों में पदस्थापित कर देते तो बच्चों को शिक्षा का लाभ जरूर मिलता।

161 सहायक आचार्य को प्रति माह मिलता है 74 लाख 68 हजार रूपया....

जानकारी के अनुसार जिले के सहायक आचार्य को पिछले दो दिसंबर से जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में हाजिरी बनाते हैं और चले जाते है। इन शिक्षकों के सरकार को प्रति माह 74 लाख 68 हजार रूपया का भुगतान करना होगा। यादि तीन माह की बात किया जाय तो अबतक इन शिक्षकों को के लिए दो करोड़ 24 लाख 64 हजार रुपया का वेतन भुगतान करना पड़ेगा।

चार वारंटी को किया गिरफ्तार

हिरणपुर (पाकुड़) न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट मामले में चार वारंटी को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के शिवनगर निवासी सिमोन बास्की, समियल बास्की, लुकस बास्की तथा कुनिश बास्की शामिल हैं। पुलिस ने सभी को विधिवत गिरफ्तार कर चिकित्सीय जांच की प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में सुपुर्द कर दिया। इस बावत थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सभी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज है।

पूर्व मध्य रेल

खुला ई-नीलामी खोबोर

धनबाद, माहित 09.03.2026 भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध एमोक् लागित् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मेताक्मे IREPS पोर्टल रे ई-नीलामी नेवतायेत् काना। बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः-

क्र.सं.: i : (1), **ई-नीलामी सूची:** ii : पार्किंग ई-नीलामी सूची सं.: iii: पार्किंग-76-26 **ई-नीलामी एहोबोक् रेयाक् निट दिन आर सोमोय रेयाक् बानाडायः** iv 23.03.2026, 15:00 बजे खोन, **कामी रेयाक् बानाडाय आर स्टेशन रेयाक् जुतुमः** 1 नीचीतपुर स्टेशन रे 03 बोछोर सोमोय लागित्, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर आर 04 व्हीलर रेयाक् पार्किंग स्टैंड।

क्र.सं.: (2), ई-नीलामी सूची: ii : प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन, **ई-नीलामी सूची सं.:** iii पीबीसीएम-10-26, **ई-नीलामी एहोबोक् रेयाक् निट तारीक आर सोमोय रेयाक् बानाडायः** iv : 23.03.2026 15:30 बजे खोन, **कामी रेयाक् बानाडाय आर स्टेशन रेयाक् जुतुमः** v धनबाद, कोडरमा, डाल्टनगंज, बरकाकाना, गोमोह, गढ़वा रोड आर चन्द्रपुरा (07) रेलवे स्टेशनको रे 02 प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन (पीबीसीएम) बाइसाउ, चालाव-बानाव आर जेलजोतोन मोंड़ें (05) बोछोर सोमोय लागित्। जोतो बोलीदाताको सोलहा एमावाको काना जे ओनको दो पुराउ बानाडाय लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को जेलमा आर चेतान रे एम आकान ई-नीलामी रे कॉलम सं या द्व1 रे एम आकात् लेका रेको सेलेदोक्मा। रेल प्रशासन ठेन जाहांलेकानाक्/जोतो लेकानाक् प्रपत्र बेगोर ओजे लायाते निरस्तकाक् रेयाक् अधिकार सुरक्षित ताहेंना।

सा.वा.प्र., पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1908/डीएचएन/वा./इएएन/25-26/40

कार और बाइक की टक्कर ,एक घायल

हिरणपुर (पाकुड़) थाना क्षेत्र के हिरणपुर-बरहरवा मुख्य मार्ग पर हाथीगढ़ मोड़ के समीप मंगलवार को कार और बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार संख्या डब्ल्यूबी 46 जे 6272 हिरणपुर की ओर से दुर्गापुर की दिशा में जा रही थी। इसी दौरान हाथीगढ़ के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल संख्या जेएच 16 एफ 8460 से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक को हल्की चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसकी मदद की और उसे संभाला।बताया जा रहा है कि घायल युवक घाघरजानी गांव जा रहा था। हालांकि उसे गंभीर चोट नहीं आई। जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। घटना के बाद दोनों वाहनों को सड़क किनारे किया गया। दुर्घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत हुई और आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से नानी की मौत

राजमहल-राजमहल में ट्रैक्टर की चपेट में आने से नानी व नात गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे आनन-फानन में राहगीरों एवं परिजनों द्वारा राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए महिला का हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. हायर सेंटर ले जाने के क्रम में उनकी मृत्यु हो गई. मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण पियारपुर के आरिफ शेख उम्र 30 वर्ष और उनके नानी हवालन बीबी उम्र 50 वर्ष उधवा से अपने घर मोटरसाइकिल से वापस जा रहा था. तभी आकुनबन्ना, नाशघाट के पास एक मिट्टी लोड ट्रैक्टर ने बाइक समेत दोनों को रौंद दिया. जिसमें हवालन बीबी का दोनों पैर घुटना के पास से कट गया. एवं बाएं हाथ का उंगली पूरी तरह से फैक्चर हो गया. कुछ समय के लिए वह स्थिति भयावाह बन गया था. और लोगों में अफरा तफरी मच गया. वहीं राहगीर एवं परिजनों द्वारा आनन-फानन में तुरंत राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां मौके पर चिकित्सक डॉ सौरभ कुमार के द्वारा प्रारंभिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया. हायर सेंटर ले जाने के क्रम में बोरियों के पास महिला दम तोड़ दी. वहीं घायल आरिफ शेख ने बताया कि हम लोग उधर से अपने घर जा रहे थे. इसी समय आकुनबन्ना , नाशघाट के पास एक मिट्टी लोड ट्रैक्टर पूरी तरह बाएं तरफ मुड़कर मार दिया. जिसमें मेरी बाइक फंसकर ट्रैक्टर के नीचे मेरी नानी चली गयी .हमारे वहां ट्रैक्टर तेज रफ्तार व अनियंत्रित होकर चलती हैं. वही घटना की सूचना पाकर राजमहल थाना के एसआई ओमप्रकाश चौहान दल बल के साथ अनुमंडल अस्पताल पहुंचे.

मासिक गुरुगोष्टी का आयोजन

महेशपुर (पाकुड़) प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गढ़बाड़ी के सभागार भवन में मंगलवार को बीईईओ सुधा कुमारी की अध्यक्षता में प्रखंड के शैक्षिक अंचल 1 एवं 2 के विद्यालयों के प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं की मासिक गुरू-गोष्ठी आयोजित की गई। मासिक गुरू-गोष्ठी में मुख्य रूप से ई-कल्याण छात्रवृत्ति, सावित्री बाई फूले योजना पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। गुरू-गोष्ठी में ई-विद्यावाहिनी में शिक्षक व छात्र की उपस्थिति अपलोड करने, एसए-1 मूल्यांकन का अंक ई-विद्यावाहिनी में अपलोड करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी शिक्षकों को ई-विद्यावाहिनी से अवकाश लेने का निर्देश दिया गया। गोष्ठी में किचेन-गार्डन, प्रयास का रिपोर्ट, जीरो ड्रॉप आउट पंचायत के विषय पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।साथ ही आईसीटी - स्मार्ट क्लास के संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई। एनआईएलपी के तहत उल्लास ऐप पर असाक्षरों की सूची अपलोड करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ मध्याह्न भोजन का नियमित रूप से एसएमएस करने, डहर-2.0, ई-विद्यावाहिनी में रेल रिपोर्ट अपलोड करने सहित एफएलएन एवं अन्यान्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। गुरू-गोष्ठी में 11 मार्च से 14 मार्च तक चलने वाले कक्षा एक से सात की एसए-2 की परीक्षा का प्रश्न-पत्र का भी वितरण किया गया।

ग्रामीणों के आंदोलन से पचुवाड़ा नार्थ कोल ब्लॉक में दूसरे दिन भी खनन व परिवहन ठप

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)।पचुवाड़ा नार्थ कोल ब्लॉक क्षेत्र में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. आंदोलन के कारण कोयला खनन और ट्रांसपोर्टेशन का काम पूरी तरह प्रभावित रहा. ग्रामीणों ने कोल परियोजना से जुड़े कार्यों को बंद रखते हुए कैंप कार्यालय के समीप धरना जारी रखा। धरना में विशुनपुर, चिल्गो, सकलमा, कठालडीह, आलूबेड़ा, लिट्टीपाड़ा, डांगापाड़ा, चिरुडीह समेत आसपास के करीब दस गांवों के ग्रामीण शामिल हुए।अनुश्रवण एवं नियंत्रण कार्य समिति के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी देखी गई।दसोमवार को शुरू हुई बातचीत के बाद मंगलवार को भी प्रशासन, डब्लूपीडीसीएल, बीजीआर कंपनी और ग्रामीणों के बीच कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन किसी ठोस निष्कर्ष पर सहमति नहीं बन सकी ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उनकी समस्याओं का समाधान निकलेगा, लेकिन बातचीत के बावजूद गतिरोध बना रहा ।ग्रामीणों की सबसे प्रमुख मांग विशुनपुर मौजा की जमीन को समतल करने की है। उनका कहना है कि कोयला उत्खनन की वजह से जमीन ऊबड़-खाबड़ हो चुकी है, जिससे खेती और अन्य उपयोग मुश्किल हो गया है।इस पर कंपनी के माइनिंग इंजीनियर दिलीप तमांग ने भरोसा दिलाया कि बारिश का मौसम शुरू होते ही समतलीकरण का काम आरंभ कर दिया जाएगा। सुविधा की उठी मांग समतलीकरण के मुद्दे के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में एक अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया।

नही हो सकी आम व नारियल पेड़ की बंदोबस्ती

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- राजमहल प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव के अध्यक्षता में बैठक हुई .जिसमें प्रखंड परिसर में लगे आम व नारियल पेड़ का बंदोबस्ती करने के लिए सभी ड्रॉप जमा करने वाले व्यक्तियों को बुलाया गया था. परंतु किसी कारणवश कई दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था.बाद में बताया गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूसुफ 3 दिनों के लिए जिला में प्रशिक्षण के लिए गया है. मिली जानकारी के अनुसार इस बार आम बागान का बंदोबस्ती के लिए 10 लोगों ने ड्राफ जमा किया है. एवं नारियल पेड़ का बंदोबस्ती के लिए 11 लोगों ने ड्राफ जमा किया है. पिछले बार आम बागान का डाक 313500 रुपया एवं नारियल पेड़ का 11300 रुपया बोली लगाया गया था. मौके पर अंचल बड़ा बाबू हरिनंदन प्रसाद, संतोष हजारी, गुलाम सरवर, नितेश शाह, नंदन प्रमाणिक, रितेश शाह, सुजन हजारी सहित अन्य उपस्थित थे.

आमजनों की समस्या से रूबरू हुए डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान शिक्षा विभाग, अबुआ आवास, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबंधित, कल्याण विभाग से संबंधित एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

केंद्रीय ऑडिट टीम पहुंची बाबूपुर पंचायत,लिया योजनाओं का जायजा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल- केंद्रीय स्पेशल ऑडिट टीम ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार नयी दिल्ली द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बाबूपुर पंचायत का भ्रमण किया गया. इस दौरान पंचायत सचिवालय बाबूपुर में बीपीओ श्वेता व गगन बापू ने सभी अधिकारी का स्वागत किया. एवं मनरेगा के विभिन्न योजना का अभिलेख और स्थल निरीक्षण किया गया. टीम लीडर गीता राम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने बारीकी से योजना का भौतिक निरीक्षण किया. मौके पर सहायक अभियंता विकास चौधरी, कनीय अभियंता मो एहसानुल जमील, दीपनारायन मंडल, मुखिया प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह, पंचायत सचिव ललन किस्कू, रोजगार सेवक मोतीलाल तिग्गा सहित अन्य उपस्थित थे.

जल्दबाज़ी में जा रही जान : 11 महीनें में पटरी पार करने वाले 1886 लोगों की हुई मौत

• फुट ओवरब्रिज और सबवे का करें उपयोग, ट्रैक पार करना अपराध और जानलेवा भी : पूर्व रेलवे

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । प्लेटफार्म सामने है, लेकिन फुट ओवरब्रिज चढ़कर जाना थोड़ा लंबा लगता है। ऐसे में कई लोग ÷बस दो मिनट÷ बचाने के लिए सीधे पटरियों पर उतर जाते हैं। लेकिन यही दो मिनट कई बार जिंदगी की आखिरी गलती साबित हो जाते हैं। पूर्व रेलवे ने पटरियों पर अवैध रूप से पार करने की बढ़ती घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई है और यात्रियों से सुरक्षित रास्तों का ही इस्तेमाल करने की अपील की है।

पूर्व रेलवे के अनुसार, तमाम सुरक्षा उपायों और जागरूकता अभियानों के बावजूद लोग जल्दबाज़ी में रेलवे ट्रैक पार करने का जोखिम उठा रहे हैं। तेज़ रफ्तार लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों के

बीच यह खतरनाक शॉर्टकट कई परिवारों को हमेशा के लिए अपूरणीय क्षति दे रहा है। 11 महीनों में 1886 लोगों की मौत

आंकड़े इस समस्या की गंभीरता को साफ दर्शाते हैं। पूर्व रेलवे के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक पटरियों पर अवैध रूप से प्रवेश करने के कारण कुल 1,886 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 319 लोग घायल हुए हैं। रेलवे के अनुसार ये केवल आंकड़े नहीं बल्कि उन परिवारों की दर्दनाक कहानियां हैं, जिनकी जिंदगी एक पल की लापरवाही से बिखर गई।

सुरक्षा के लिए कई उपाय

रेलवे प्रशासन ने इस खतरे को कम करने के लिए अपने नेटवर्क में कई सुरक्षा उपाय किए हैं। भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर मजबूत फुट ओवरब्रिज, सबवे और अंडरपास का निर्माण किया गया है ताकि यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही यात्रियों को ट्रैक पार करने से रोकने के लिए कई स्थानों पर फेंसिंग और बाउंड्री वॉल भी मजबूत की जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर नियमित रूप से जागरूकता अभियान, पोस्टर, बैनर और सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से भी लोगों को चेतावनी दी जा रही है कि वे किसी भी परिस्थिति में पटरियों को पार न करें।

रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेलवे ट्रैक पार करना न केवल खतरनाक है बल्कि यह कानूनन अपराध भी है। रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 147 के तहत बिना अनुमति रेलवे परिसर में प्रवेश करने पर छह महीने तक की जेल या 1000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। रेलवे के अनुसार वर्ष 2025-26 (फरवरी तक) के दौरान धारा 147 के तहत 5,557 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे मामलों को रोकने के लिए आने वाले समय में अचानक जांच और कानूनी कार्रवाई और तेज की जाएगी।

रेलवे की भावुक अपील

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने लोगों से सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रेलवे पुल इसलिए बनाए जाते हैं ताकि यात्री सुरक्षित घर पहुंच सकें, न कि उनके सफर में कुछ मिनट बढ़ाने के लिए। उन्होंने कहा, ÷कोई भी शॉर्टकट जीवन से अधिक कीमती नहीं हो सकता। हम सभी यात्रियों से आग्रह करते हैं कि वे सबवे और फुट ओवरब्रिज का उपयोग करें। याद रखें, आपका परिवार आपको सुरक्षित घर के दरवाजे पर देखना चाहता है, प्लेटफार्म पर नहीं। पूर्व रेलवे ने एक बार फिर दोहराया है कि रेलवे ट्रैक देश के परिवहन की जीवनरेखा हैं, लेकिन पैदल चलने वालों के लिए रास्ता नहीं। दो मिनट बचाने की जल्दबाज़ी कभी-कभी पूरी जिंदगी छीन सकती है।

ट्रैक्टर ने बच्चों से भरी टोटो को घसीटा, टला बड़ा हादसा

देवघर। जिले में सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला कोयरीडीह-घोरलास मार्ग का है, जहां मंगलवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की लापरवाही से स्कूल के बच्चों से भरी टोटो गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर चालक ने ओवरटेक करने के दौरान संतुलन खो दिया और बच्चों से भरी टोटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर टोटो को लगभग 25 से 30 मीटर तक घसीटता चला गया। इस दौरान टोटो में बैठे बच्चों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में एक बच्चे को गंभीर चोट लगी, उसके हाथ में गहरा चीरा आ गया और काफी खून बहने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।घटना के बाद आसपास के लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि यह सौभाग्य की बात रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, वरना कई बच्चों की जान खतरे में पड़ सकती थी। हादसे के बाद जब स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर की जांच की तो चौंकाने वाली बातें सामने आईं। ट्रैक्टर पर न तो नंबर प्लेट लगी थी और न ही बालू ढुलाई से संबंधित कोई वैध चालान मौजूद था। इतना ही नहीं, चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं पाया गया। इस घटना ने प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट और बिना कागजात के वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं, लेकिन इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है।

डॉ पशुपति राय के आकस्मिक निधन पर शोकसभा

देवघर संताल एक्सप्रेस । ए.एस. महाविद्यालय,देवघर में राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ प्राध्यापक रहे डॉ पशुपति राय के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय परिसर में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ टी.पी. सिंह ने की। डॉ राय ने वर्ष 1980 में ए.एस. महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवा आरंभ की थी। उन्होंने अपने लंबे शैक्षणिक जीवन में शिक्षा जगत को महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2009 से 2016 तक वे विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष एवं परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत रहे। इसके बाद नवंबर 2016 से जनवरी 2021 तक उन्होंने मधुपुर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं।

राष्ट्रीय महिला आयोग की जनसुनवाई 13 को

देवघर। जिले की महिलाओं की समस्याओं को सीधे सुनने और उनका समाधान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से 13 मार्च को समाहरणालय सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार अभियान के तहत यह राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, जिसमें महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग के समक्ष रख सकेंगी। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना तथा महिलाओं के कानूनी अधिकारों के उल्लंघन से जुड़े मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और सुलभ मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी समस्याएं खुलकर सामने रख सकें। इसके साथ ही 13 मार्च को समाहरणालय के सम्मेलन कक्ष में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग विषय पर कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

मोहनपुर में किसान-वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम

देवघर। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर मंगलवार को मोहनपुर प्रखंड सभागार में आत्मा देवघर की ओर से दो दिवसीय किसान-वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रवींद्र नाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय मोहनपुर के कृषि वैज्ञानिक सर्वेश कुमार, उपासना प्रिया और भूपेंद्र सिंह सहित आत्मा देवघर के उप परियोजना निदेशक अरविंद कुमार राय ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से आए करीब 40 किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी अपनी समस्याएं और जिज्ञासाएं कृषि वैज्ञानिकों के सामने रखीं। वैज्ञानिकों ने पौधा संरक्षण, कीट नियंत्रण, मिट्टी की गुणवत्ता, उर्वरक के सही उपयोग तथा विभिन्न फसलों में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जनता दरबार में अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

देवघर। जिले के लोगों की समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे, ताकि मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें रखीं। इनमें अनुमंडल कार्यालय देवघर, अंचल कार्यालय मोहनपुर, जिला भू-अर्जन कार्यालय, उत्पाद अधीक्षक कार्यालय तथा मईया सम्मान योजना से जुड़े कई मामले शामिल थे। अपर समाहर्ता ने एक-एक कर सभी लोगों की समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों की जांच कर जल्द समाधान किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कई आवेदन भी प्राप्त हुए।

19 मार्च तक चलेगा खादी मेला

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर के पुराने बस स्टैंड परिसर में 10 मार्च से 19 मार्च 2026 तक खादी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्देश्य खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े उत्पादों को बढ़ावा देना और स्थानीय कारीगरों को एक मंच प्रदान करना है। महोत्सव में विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों द्वारा खादी के वस्त्र, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और अन्य पारंपरिक उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की व्यवस्था की गई है। खादी महोत्सव में लोगों को शुद्ध खादी के कपड़े, जैकेट, कुर्ता-पायजामा, साड़ी, चादर समेत कई आकर्षक उत्पाद उचित कीमत पर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही ग्रामीण उद्योगों द्वारा बनाए गए प्राकृतिक और हस्तनिर्मित सामान भी लोगों को देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने देवघर एवं आसपास के लोगों से अपील की है कि वे इस महोत्सव में आकर खादी उत्पादों का समर्थन करें और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा दें।

जंगल में चल रहा था फर्जी कस्टमर केयर का खेल, पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले में बढ़ते साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में एसपी सौरभ के निर्देश पर साइबर थाना की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी अलग-अलग कंपनियों के फर्जी कस्टमर केयर बनकर लोगों को झांसा देकर ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सारठ थाना क्षेत्र के पुरनीकरहैया जंगल में कुछ संदिग्ध लोग बैठकर साइबर ठगी का नेटवर्क चला रहे हैं। सूचना के आधार पर

पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा के निर्देश पर साइबर थाना की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी खुद को फ्लिपकार्ट अमेजॉन एयरटेल पेमेंट बैंक और फोन पे का कस्टमर केयर अधिकारी बताकर लोगों को फोन करते थे। इसके अलावा गूगल पर भी फर्जी मोबाइल नंबर कस्टमर केयर के नाम से अपलोड कर देते थे। जब कोई व्यक्ति मदद के लिए कॉल करता था तो उसे झांसे में लेकर ठगी की जाती थी।

पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों को कैशबैक का लालच देकर फोन पे या पेटीएम गिफ्ट कार्ड बनवाते थे और फिर उसे अपने खाते में रिडीम कर लेते थे। इसके अलावा एयरटेल पेमेंट बैंक का कार्ड बंद होने की बात कहकर उसे चालू कराने के नाम पर भी लोगों से ठगी की जाती थी। कई मामलों में प्रधानमंत्री किसान योजना, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और लोन दिलाने के नाम पर लिंक भेजकर भी ठगी की जा रही थी।

मधुपुर में 14 मार्च को नवनिर्वाचित अध्यक्ष व 23 पार्षद लेंगे शपथ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । देवघर जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मधुपुर नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं 23 वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 14 मार्च को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण पत्र वितरित कर दिया गया है।

बुधवार को जिला पंचायती राज डिजिटल के जिला प्रबंधक आनंद मिलिंद मधुपुर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे और नवनिर्वाचित पार्षदों से मुलाकात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह का औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने सभी पार्षदों को कार्यक्रम की रूपरेखा और शपथ ग्रहण से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी दी। जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह मधुपुर

शहर के किसान भवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की देखरेख देवघर के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशन में की जाएगी। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित नगर परिषद के सभी 23 वार्ड पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम के तुरंत बाद नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही उपलब्ध करा दिए गए हैं।

मधुपुर वार्ड 17 में जनसमस्याओं के समाधान को लेकर 70 सदस्यीय टीम का गठन

मधुपुर । शहर के पनाह कोला मोहल्ला स्थित वार्ड संख्या 17 में मंगलवार को एक निजी आवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड संख्या 17 की नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद शबनम अंसारी के प्रतिनिधि मोहम्मद सानु ने की। बैठक में वार्ड के विकास और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान वार्ड स्तर पर कुल 70 सदस्यों की एक टीम का गठन किया गया, जिसमें से 15 सदस्यों को एक्टिव मेंबर बनाया गया है। इन एक्टिव सदस्यों की जिम्मेदारी वार्ड के विभिन्न मोहल्लों की समस्याओं पर नजर रखने और उन्हें तुरंत संबंधित विभाग तक पहुंचाने की होगी। मोहम्मद सानु ने बताया कि वार्ड के हर इलाके से दो-दो लोगों को टीम में शामिल किया गया है, ताकि क्षेत्र में नाली की सफाई, बिजली व्यवस्था, सड़क, पानी समेत अन्य जनसमस्याओं की जानकारी तुरंत मिल सके और उसका शीघ्र समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास के लिए टीम के सदस्य आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे और लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराया जाएगा। बैठक में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की टीम बनने से वार्ड के लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान संभव हो सकेगा। इस अवसर पर वार्ड के कई गणमान्य लोग और सदस्य मौजूद रहे वहीं कई कार्यकर्ता को सोल देकर सम्मानित किया गया। वहीं सदस्यों ने वार्ड के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया।

टोटो पलटा, दो महिलाएं घायल

देवघर। जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बलथर मोड़ के पास मंगलवार को एक टोटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में टोटो पर सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान अंजनी देवी और गुड़िया देवी के रूप में हुई है। दोनों बिहार के बांका जिले के जयपुर थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर गांव की रहने वाली हैं। घटना के बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में घायल महिलाओं के साथ अस्पताल पहुंचे दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि सभी लोग उनके घर किसी पारिवारिक निमंत्रण में आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों महिलाएं टोटो से अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान बलथर मोड़ के पास टोटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे दोनों महिलाएं वाहन के नीचे दबकर घायल हो गईं।

महिला कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

मधुपुर/आसनसोल । पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंगलवार को विवेकानंद इंस्टीट्यूट, आसनसोल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों के समर्पण, उपलब्धियों और महत्वपूर्ण योगदान को सम्मान देना था। कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के महत्व और रेलवे सेवाओं को मजबूत बनाने में महिलाओं की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के दौरान आसनसोल मंडल के अलग-अलग विभागों में कार्यरत कई महिला कर्मचारियों को उनके कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया ।अधिकारियों ने कहा कि महिला कर्मचारी रेलवे के संचालन को सुचारु बनाए रखने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

बीएन झा कॉलेज की जमीन विवादों में वर्षों से लंबित फाइल पर उठे सवाल

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । शहरी क्षेत्र के करनीबाग स्थित कानीजोर में पंडित विनोदानन्द झा मेमोरियल कॉलेज की रिखिया स्थित जमीन इन दिनों विभागीय चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कॉलेज की शासकीय निकाय समिति से संबंधित फाइल कई वर्षों से एसडीओ कार्यालय में लंबित पड़ी है, जिसको लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी आशंका जताई जा रही है कि देरी के कारण यह जमीन भूमाफियाओं के कब्जे में जा सकती है। इस जमीन के एक हिस्से पर रिखिया थाना स्थित है, जबकि अन्य हिस्से की बिक्री के बाद खरीदारों द्वारा घेराबंदी कर दी गई है। पहले यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था, जिसके बाद समझौते की प्रक्रिया के तहत टाइटल सूट वापस लिया गया और जमीन की खरीद-फरोख्त की गई।

सूत्रों के अनुसार वर्ष 2021-22 में कॉलेज की शासकीय निकाय समिति की बैठक में तत्कालीन एसडीओ दिनेश यादव ने विवादित जमीन बेचने की सहमति दी थी। बैठक में यह भी कहा गया था कि जमीन की बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग न्यायालयीन खर्च तथा करनीबाग स्थित कॉलेज परिसर की चारदीवारी निर्माण में किया जाएगा।

शासकीय निकाय समिति के अध्यक्ष सह विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि मामला पूरी तरह न्यायालय के फैसले पर आधारित था और यदि फाइल में देरी हुई है तो इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की जाएगी। वहीं कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य मनोज मठपती ने कहा कि मामला फिलहाल उनके संज्ञान में नहीं है, लेकिन जल्द समिति की बैठक कर समाधान निकाला जाएगा।

सदर अस्पताल में वार्ड बॉय के फोन की चोरी

देवघर। सदर अस्पताल परिसर में एक वार्ड बॉय का मोबाइल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ित ने नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार सारवां थाना क्षेत्र के मोहडार निवासी उमेश झा सदर अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वह डीएस कार्यालय के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान एक मरीज वहां पहुंचा, जिसे तत्काल वार्ड में शिफ्ट करने की जरूरत थी। उमेश झा के अनुसार जल्दबाजी में वह अपना मोबाइल कुर्सी पर ही रखकर मरीज को वार्ड में पहुंचाने चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस उसी स्थान पर लौटा तो देखा कि कुर्सी पर रखा मोबाइल गायब था।

शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

गर्भवती होने पर कराया गर्भपात, दो लाख रुपये भी हड़पे

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर एक महिला के साथ लंबे समय तक यौन शोषण करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर मधुपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जितेंद्र यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार काठीकुंड थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला को आरोपी जितेंद्र यादव काम दिलाने के बहाने तमिलनाडु ले गया। वहां उसने शादी का झांसा देकर करीब पांच वर्षों तक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा और उसका लगातार यौन शोषण करता रहा। इस दौरान महिला के गर्भवती होने पर आरोपी ने उसका जबरन गर्भपात भी करा दिया। बताया जाता है कि आरोपी ने महिला से करीब दो लाख रुपये नगद भी ले लिए। लंबे समय तक शादी का आश्वासन देकर

वह महिला को अपने साथ रखता रहा, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। वर्तमान में पीड़िता दोबारा गर्भवती बताई जा रही है, जिसके बाद उसने न्याय की गुहार लगाते हुए मधुपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मार्गो मुंडा थाना क्षेत्र के उधोडीह गांव निवासी आरोपी जितेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

Officeof theExecutiveEngineer
DrinkingWater& SanitationDivisionNo.-02,Dumka.

e-ProcurementNotice Very ShortTermTender
TenderReferenceNo.-DWSD/DUMKA-2/28/ 2025-26 (1stCall) (e-Tender) Date-09.03.2026

1	Nameof Work:	Annual Operation & Maintenance of 2.30 MLD WTP, Raw Intake Works, Raw Water Rising Mains 200mm. D.I. K-9 from Nonihat and Motihara River to WTP & Clear Water Rising Main150 mm dia D.I. K-9 from WTP to 2 Nos. ESR situated at Basukinath and Jarmundi& 300 mm dia. to 100 mm. dia DI K-7 Distribution Network of Basukinath Urban Water Supply Scheme under D.W.& S. Division No.-2, Dumka for 3 Years (36 months) "on Turn Key basis."
2	DepartmentName:	DrinkingWater&SanitationDepartment,Jharkhand,Ranchi.
3	Name&Addressof theOfficeInviting Tender	ExecutiveEngineer,D.W.&S.DivisionNo.-02,Dumka.
4	Estimated Cost	56.23839 Lac
5	Earnest Money	1.13000 Lac
6	Cost of BOQ (In Rs.)	Rs. 10,000.00
7	Time of Completion	3 Years (36 months)
8	DateofPublicationofTender/Timeon Website:	11.03.2026/05:00PM
9	Lastdate/TimeforreceiptofOnlineBid	19.03.2026/05 :00PM
10	Last date/time of Online submission of EarnestMoney andCostofBOQ(Asper LetterNo.-120,dated-03.10.2023ofSecretary toGovt.,Information Technology &e-GovernanceDepartment,Govt.ofJharkhand)	19.03.2026/05:00PM
11	DateofOpeningofTender/Time:	20.03.2026/05:00PM
12	Name&Addressof TenderOpeningOfficer:	ExecutiveEngineer,D.W.&S.DivisionNo.-02,Dumka.
13	Contactno.of ProcurementOffice:	9431749737
14	HelplineNo.of e-procurementcell:	0651-2480345

Note:-Noclaimshallbeentertainedbecauseof disputationof internetservicebeingusedbythebidders. Biddersare adviceto uploadtheirbids wellinadvancetoavoidlastminutetechnicalsanction. Furtherdetailscanbeseenon websitehttp://jharkhand tenders.gov.in
EstimatedCostmaybeincreaseor decrease.
This tender is done in anticipation of Administration Sanction. Work order will be given only after Administrative approval.

(Ramesh Kumar Lohra) Executive Engineer
D.W. & S. Division No.-02, Dumka.
PR 374598 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

Office of the Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division, Sahebganj.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

1- Sender's Name & Address for Publishing :- Executive Engineer, Building Division, Sahebganj
2- Date & Time for selling of B.O.Q. :- Date 18.03.2026 Up to 2:00 PM.(On work day)
3- Date & Time for Receiving of sealed tender :- Date 19.03.2026 up to 3:00 PM.
4- Date & Time for Open of Sealed tender :- Date 19.03.2026 up to 3:30 PM.
5- Selling Place of BOQ :- Office of the Executive Engineer, Building Division, Sahebganj & Office of the Superintending Engineer, Building Circle, Dumka.
6- Receiving Place of Sealed Tender :- Both Places as per Serial No. 5
7- Details of work :-

Sl. No.	Name of work	Estimated Amount (Rs.).	Earnest Money.	B.O.Q. Rate (Rs.)	Time period for Completion of work
1	Renovation of Garage Shed, Guard Room and Toilet at the Residential premises of DC Sahebganj	2083400/-	42000.00	5000.00	Three Months

Note:- The Special Conditions may be seen at Office notice Board.

Executive Engineer
.Building Division, Sahebganj
PR 374620 Building (25-26)_D

ई - प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल, साहेबगंज
ई0मेल आई0डी0. exenbcd816109@gmail.com मो0 नं0– 7903452842

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

e – Tender reference no. BCD, SAHIBGANJ/09F2/2025-26 Date- 09.03.2026

1. कार्य की विवरणी:–

क	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	बेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि	ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	ई–निविदा खोलने की तिथि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा खोलने का स्थान
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	Construction of JSFC Godown 1000 MT, Udhwa, Sahebganj.	2,97,10,900/-	2,98,000/-	10,000/-	14.03.2026 (02:30 PM)	27.03.2026 (02:30 PM)	28.03.2026 (02:30 PM)	11 माह	ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
2	Construction of JSFC Godown 1000 MT, Mandro, Sahebganj.	2,97,12,000/-	2,98,000/-	10,000/-				11 माह	

नोटः– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
3. परिमाण विपत्र एवं EMD की राशि केवल online माध्यम से ही स्वीकार होगा। online माध्यम से किये गये भुगतान की पावति बेबसाइट पर आवश्यक रुप से अपलोड करेंगे।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
5. विस्तृत जानकारी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर लॉग ऑन करे ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, साहेबगंज
PR 374616 Building(25-26).D

डीसी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

गोड्डा । बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा समाज में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को उपायुक्त अंजली यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि समाज के समग्र एवं संतुलित विकास के लिए बेटियों का सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य केवल बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करना भी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों का पुरजोर विरोध करें तथा बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।उन्होंने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में जाकर लोगों को कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, बालिकाओं की शिक्षा के महत्व तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा के प्रति जागरूक करेगा। रथ के माध्यम से गांव-गांव में पोस्टर, पंपलेट, ऑडियो संदेश एवं जन-संवाद के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही जागरुकता रथ के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजनों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पोड़ैयाहाट फुलेश्वर मुर्मू सहित समाहरणालय कर्मीगण मौजूद रहे।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 से हैं पार्षद उपाध्यक्ष पद के लिए किया शपथ ग्रहण

गोड्डा । नगर निकाय चुनाव के तहत संपन्न हुए गोड्डा नगर परिषद एवं महागामा नगर पालिका चुनाव को लेकर सोमवार को डीआरडीए सभागार में महागामा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद हेतु अप्रत्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराई गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत के निर्वाचित पार्षदों की उपस्थिति में निर्वाचन पदाधिकारी की देखरेख में उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी आवश्यक वैधानिक प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया गया। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात तथा परिणाम की घोषणा की गई। इसके उपरांत निर्वाचित उपाध्यक्ष निलेश कुमार सिंह निर्विरोध चुने। नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नीलेश कुमार सिंह महागामा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 से वार्ड पार्षद चुने गए हैं। तत्पश्चात उन्हें उपाध्यक्ष पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की गई कि उनके नेतृत्व में महागामा नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी तथा जनहित से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रक्रिया के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे निर्वाचन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सका। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं विधि-सम्मत तरीके से संपन्न हुआ।

जामताड़ा में उपाध्यक्ष पद की दौड़ तेज

जामताड़ा। नगर पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद अब उपाध्यक्ष पद को लेकर जामताड़ा की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। चुनाव परिणाम आने के साथ ही इस पद के लिए दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है और निर्वाचित वार्ड पार्षदों के बीच समर्थन जुटाने का दौर शुरू हो गया है। नगर क्षेत्र में भी इस बात को लेकर चर्चाएं तेज हैं कि आखिर नगर पंचायत का अगला उपाध्यक्ष कौन बनेगा।जानकारी के अनुसार जामताड़ा नगर पंचायत में कुल 16 वार्ड हैं और इन सभी वार्डों से चुने गए पार्षदों के बीच से ही उपाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। यह चुनाव सभी 16 पार्षदों के आपसी मतदान के आधार पर होगा। ऐसे में संभावित उम्मीदवार अपने-अपने स्तर पर पार्षदों का समर्थन हासिल करने में जुट गए हैं।इसी क्रम में वार्ड संख्या 1 से निर्वाचित पार्षद विजय राउत ने उपाध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने कहा कि यदि सभी सम्मानित पार्षद उनका समर्थन करते हैं तो वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे।विजय राउत ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य नगर पंचायत क्षेत्र का समग्र विकास है। यदि उन्हें उपाध्यक्ष बनने का अवसर मिलता है तो वे सभी पार्षदों को साथ लेकर विकास कार्यों को गति देंगे और सभी के सुझावों को महत्व देंगे।वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए अन्य पार्षद भी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं, जिससे आने वाले दिनों में यह मुकाबला और रोचक होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल पूरे नगर क्षेत्र की नजरें उपाध्यक्ष के चुनाव पर टिकी हुई हैं।

मोहड़ा गांव में निकला जहरीला सांप ग्रामीणों ने साहस दिखाकर किया काबू



जामताड़ा। जामताड़ा प्रखंड के मोहड़ा गांव में एक जहरीले सांप के निकलने से ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल बन गया। सांप के दिखते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय लोगों ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए उसे पकड़ लिया, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका टल गई।ग्रामीणों ने पहले सांप को सावधानीपूर्वक एक बोरे में बंद किया और फिर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे एक ड्रम में रख दिया, ताकि वह बाहर निकलकर किसी को नुकसान न पहुंचा सके। घटना के बाद गांव के निवासी नबीब अंसारी ने वन विभाग को कई बार फोन कर इसकी जानकारी दी और सांप को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करने की मांग की। गांव के लोग वन विभाग की टीम के आने का इंतजार कर रहे थे, ताकि उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा जा सके।

डीजे पर गाना बदलने को लेकर भिड़े बाराती-सराती, सुबह तक टलती रही शादी की रस्में

महागामा । अनुमंडल क्षेत्र के करणु पंचायत अंतर्गत भालूकिता गांव में एक शादी समारोह उस समय हंगामे में बदल गया जब डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारातियों और सरातियों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते मामूली कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई और शादी का माहौल तनावपूर्ण बन गया। इस घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और काफी देर तक शादी की रस्में भी बाधित रहीं। जानकारी के अनुसार भालूकिता गांव निवासी विष्णु पासवान के घर उनकी दो बेटियों की शादी थी। इस अवसर पर झारखंड के पड़ोसी राज्य बिहार के भागलपुर जिला अंतर्गत घोघा क्षेत्र से बारातआई थी। बताया जाता है कि बारात रात करीब 11 बजे लड़की के घर पहुंची थी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारातियों का स्वागत भी किया गया लेकिन रात बढ़ने के साथ ही माहौल बिगड़ने लगा। डीजे पर गाना बज रहा था और कुछ युवकों ने डीजे संचालक से दूसरा गाना बजाने की मांग की। जब उनकी मांग तुरंत पूरी नहीं हुई तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। धीरे-धीरे यह विवाद बढ़ता गया और बाराती व सराती आमने-सामने हो गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में धक्का-मुक्की और मारपीट शुरू हो गई, जिससे शादी समारोह में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

साहिबगंज । जिला प्रशासन साहिबगंज के प्रयासों से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है. आत्मा योजना अंतर्गत डीसी हेमंत सती के निर्देशानुसार साहिबगंज जिले के 25 चयनित किसानों को मुर्गी एवं बत्तख पालन विषय पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रांची भेजा गया है. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 09 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है.इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पशुपालन आधारित आजीविका के बेहतर अवसरों से जोड़ना तथा उन्हें वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक तरीके से मुर्गी एवं बत्तख पालन की जानकारी प्रदान करना है.

कॉमर्शियल एलपीजी संकट पर झारखंड सरकार सक्रिय, मंत्री ने केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। झारखंड में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बाधित होने से उद्योगों, होटलों और श्रमिकों के सामने उत्पन्न संकट को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य,एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र लिखकर राज्य में कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति शीघ्र बहाल करने का आग्रह किया है।मंत्री ने पत्र में उल्लेख किया कि हाल ही में केंद्र के निर्देश के बाद अस्पतालों और स्कूलों को छोड़कर अन्य संस्थानों को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति रोक दी गई है। इस फैसले का सीधा असर झारखंड के उद्योगों और होटल व्यवसाय पर पड़ रहा है। रांची स्थित उषा मार्टिन लिमिटेड सहित कई औद्योगिक इकाइयों ने बताया है कि कैंटीन संचालन में परेशानी आ रही है, जिससे हजारों श्रमिकों के भोजन की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।डॉ. अंसारी ने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो औद्योगिक गतिविधियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही होटल और भोजनालयों में भी कमर्शियल एलपीजी का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है, इसलिए आपूर्ति रुकने से कारोबार और रोजगार दोनों प्रभावित हो सकते हैं।उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि राज्य के औद्योगिक कैंटीनों और होटलों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति जल्द शुरू कर श्रमिकों और कारोबारियों को राहत दी जाए।

सदन से लेकर सड़क तक गूंजा टोल टैक्स का मुद्दा

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । हंसडीहा- गोड्डा फोर लेन सड़क पर सुगाबथान के पास बने टोल टैक्स को लेकर क्षेत्र में विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। यह मुद्दा अब सड़क से लेकर झारखंड विधानसभा तक गूंजने लगा है। एक ओर विधायक प्रदीप यादव ने विधानसभा में टोल टैक्स का मामला उठाते हुए सरकार से इसको लेकर सवाल किया। वहीं दूसरी ओर उनके पुत्र प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव आर्कादित्य यादव ने हजारों समर्थकों के साथ टोल प्लाजा पर मंगलवार को आंदोलन का मोर्चा संभाल लिया। जानकारी के अनुसार हंसडीहा- गोड्डा मुख्य मार्ग में सुगबथान के पास लगाए गए टोल टैक्स को लेकर स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है। इसी को देखते हुए विधायक प्रदीप यादव ने विधानसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से स्थानीय जनता को राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स के कारण आम लोगों को अनावश्यक आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर उनके पुत्र आर्कादित्य यादव ने हजारों लोगों के साथ टोल प्लाजा पहुंचकर आंदोलन का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक स्थानीय लोगों को टोल टैक्स से राहत नहीं मिलती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से जल्द इस मुद्दे पर उचित निर्णय लेने की मांग की।

डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

साहिबगंज।जिला समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए.इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा.इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए. जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे. ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया ।

महेशपुर काली मंदिर में वार्षिक पूजनोत्सव पर उमड़ी भीड़



बसंतराय । प्रखंड के महेशपुर गांव स्थित चर्चित काली मंदिर में मंगलवार को वार्षिक पूजन उत्सव की धूम मची रही। पूजन व दर्शन को लेकर आस्था का जनसैलाब उमड़ने लगा। पिछले पांच दिनों से काली मंदिर परिसर में आध्यात्मिक कार्यक्रम जारी है। शनिवार से ही मंगलगीत, भजन संध्या, पूजन व पंडितों की टोली द्वारा दुर्गा सप्तशती पाठ से ही वातावरण आध्यात्मिक हो गया है। मंगलवार को पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ भी ग्यारह पंडितों के दुर्गासप्तशति पाठ से किया गया। पूजन के दौरान अनवरत दुर्गा सप्तशती पाठ सहित पूजन के दौरान हो रहे वैदिक मंत्रोच्चार से आसपास के श्रद्धालुओं का उत्साह परवान पर है। अहले सुबह से ही जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय विभिन्न मार्गों पर वाहनों की आवाजारी रातभर जारी रहा। मां काली की जयकार से आसपास का क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। संपूर्ण वैदिक कार्यक्रम पंडित अर्जुन झा की अगुवाई में किया जा रहा है। जबकि पुजारी के रूप में झुन्ना झा शामिल थे। पंडित अजुन झा ने बताया कि दुर्गा सप्तशती पाठ के उपरांत माता का विधिवत श्रृंगार एवं पूजन किया गया। तत्पश्चात काली मंदिर से कुछ दूर शैलेश मंडप में ध्वजारोहण एवं विधि विधान से पूजन किया गया। प्राचीन परंपरा के तहत शैलेश बाबा के पूजन के उपरांत ही काली मंदिर में मनोकामना से संबंधित संकल्प शुरू होते हैं। इसमें संकल्प के साथ दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के उपरांत यथोचित चढ़ावा चढ़ाया। संकल्प व पूजन के व आरति के उपरांत मंदिर परिसर में ब्राह्मण- कुमारी भोजन किया गया। ब्राह्मण कुमारी पूजन के उपरांत अर्द्ध रात्रि से विशेष हवन व पूजन तांत्रिक विधि एवं माता को भोग लगाया गया। बुधवार की सुबह संपूर्ण ग्रामीणों के बीच महाप्रसाद वितरित किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर में 500 सालों से पूजन किया जा रहा है।

विद्यापति प्रतिमा का अनावरण 22 मार्च को

गोड्डा । स्थानीय विद्यापति भवन परिसर में स्थापित कवि श्रेष्ठ विद्यापति जी की प्रतिमा का अनावरण 22 मार्च को होगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर विद्यापति सांस्कृतिक परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान परिषद के सदस्यों के बीच कार्य का बंटवारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विद्यापति सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष हरीशंकर मिश्र ने बताया कि महाकवि मैथिल कोकिल विद्यापति जी की प्रतिमा का अनावरण बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपायुक्त स्व. बीरेंद्र मिश्रा की धर्मपत्नी एवं सेवानिवृत उपायुक्त दिलीप झा के हाथों करवाया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने को लेकर रंग रोगन किया जा रहा है। सभी के बीच कार्यक्रम का बंटवारा कर दिया गया है। साथ ही प्रस्तावित निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह के त्रुटिहीन आयोजन को लेकर पूरा समाज अपेक्षित सहयोग कर रहा है। 28 मार्च को जूटिका बंधन एवं 29 मार्च 26 को निःशुल्क सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया है। इसकी तैयारी भी जोरों पर है। समय- समय पर बैठक आयोजित कर उचित विचार-विमर्श किया जा रहा है। बैठक में डा. वंशीधर मिश्र, मिथिलेश कुमार झा, सर्वजीत झा, पवन झा, शैलेन्द्र झा, प्रदीप झा, सुरजीत झा, दिलीप कुमार झा, परितोष पाठक, मृत्युंजय झा, विनय ठाकुर, प्रभु झा आदि शामिल थे।

मछिया सिमरडा पंचायत में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर गोड्डा सदर के मछिया सिमरडा पंचायत में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी कड़ी में डालसा के अधिकार मित्र इंतेखाब आलम की ओर से शिविर आयोजित कर रंगमटिया के ग्रामीणों को कानून की जानकारी दी गई। दौरान गोड्डा न्यायालय परिसर में 14 मार्च को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में ग्रामीण महिलाओं को बताया गया। वहीं, ग्रामीणों को नालसा योजना, 2025 की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नालसा का उद्देश्य है कि हाशिए पर पड़े कमजोर आदिवासियों और विमुक्त, घुमंतू जनजातियों के लिए न्याय तक पहुंच को सुदृढ़ कराना है। इस योजना के तहत जनजातीय समुदायों के लिए कानूनी सेवा विशेष यूनिट स्थापित की जाएगी। जनजातीय समुदायों से वकील, अधिकार मित्रों को सभी प्रकार की कानूनी सहायता प्रदान करने, अदालतों में प्रतिनिधित्व, सरकारी लाभ प्राप्त करने में सहायता देने व दस्तावेजीकरण के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके अलावा इन समुदाय को मोबाइल विधिक सहायता वैन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्कूलों में विधिक साक्षरता और कानूनी सहायता क्लिनिकों का प्रदर्शन व रोडिया, दूरदर्शन के माध्यम से कानूनी रूप से जागरुकता प्रदान की जाएगी। विशेष अभियान चलाकर पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, रोजगार, बच्चों का नामांकन, छात्रवृत्ति और शैक्षिक योजनाओं, पेशा कानून के तहत भूमि, पुनर्वास, वनाधिकार संबंधी दावों में कानूनी प्रतिनिधित्व व सहायता देना आदि शामिल हैं।

शलोम ग्लोबल फाउंडेशन रांची के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित



बोरियो। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शलोम ग्लोबल फाउंडेशन रांची के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संस्था 20 वर्षों से पानी और स्वच्छता के ऊपर साथ में महिला सशक्तिकरण पर कार्य कर रहा है. जिसमें से 30 चापाकल और तीन जल मीनार ग्राम में लगाया गया है. इस कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पुनम कुमारी उपस्थित रहीं. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख शांति बास्की, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू, बोरियो थाना की एएसआई नीलम कुमारी, मुखिया गोलमा सोरेन तथा पूर्व उपमुखिया तेरेसा बासकी मौजूद थीं. इस अवसर पर महिलाओं के बीच जागरूकता और मनोरंजन के उद्देश्य से शॉर्ट क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रतियोगिता के अंत में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया. मुख्य अतिथि पूनम कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की सबसे मजबूत कड़ी है. जब महिलाएं शिक्षित और सशक्त होती हैं तो पूरा परिवार और समाज आगे बढ़ता है. इसलिए हर महिला को अपने अधिकारों और शिक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए. प्रखंड प्रमुख शांति बासकी ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं. हमें अपनी बेटियों को पढ़ाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए. झामुमो प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती. समाज और देश के विकास में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है. इसलिए हमें महिलाओं के सम्मान और अधिकार की रक्षा करनी चाहिए. बोरियो थाना की एएसआई नीलम कुमारी ने कहा कि महिलाओं को किसी भी अन्याय या हिंसा के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए. पुलिस हमेशा उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए तैयार है. मौके पर एंथोनी सामय, दुर्गा वादी, फुलेंद्र रविदास, रंजीत मडैया, डम्बू पहाड़िया, विक्रांत कुमार जॉन सहित अन्य मौजूद थे.

आंगनबाड़ी केंद्र के पास का हैंडपंप खराब, पानी के लिए भटकते हैं बच्चे



हनवारा । महागामा प्रखंड के हनवारा क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के सामने लगा चापानल पिछले जनवरी माह से खराब पड़ा हुआ है। चापानल खराब रहने से गांव के लोगों के साथ-साथ आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पेयजल के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह चापानल गांव के लोगों और आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए पानी का मुख्य साधन था। लेकिन कई महीनों से खराब रहने के बावजूद अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। इसके कारण लोगों को दूर स्थित अन्य चापानलों या निजी घरों से पानी लाना पड़ रहा है।आंगनवाड़ी केंद्र में आने वाले बच्चों को प्यास लगने पर पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द चापानल की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आने वाले दिनों में भीषण गर्मी शुरू होने वाली है। ऐसे में अगर जल्द चापानल ठीक नहीं कराया गया तो गांव के लोगों और आंगनबाड़ी के बच्चों की परेशानी और बढ़ जाएगी।

मांसपेशियों से संबंधित निगा मॉस्किटो स्केलेटल शिविर

पथरगामा । जिला आयुष समिति गोड्डा के तत्वावधान में मार्च महीने में पथरगामा प्रखंड में दो मेगा बायो वृद्धि शिविर तथा मांसपेशियों से संबंधित निगा मॉस्किटो स्केलेटल शिविर का आयोजित किया जाएगा।आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार ने बताया कि शिविर क्रमशः पथरगामा और गांधीग्राम में 16 और 17 मार्च को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिविर में आयुष की तीनो पद्धतियो होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और यूनानी के माध्यम से लोगों का इलाज किया जाएगा शिविर में रक्त शर्करा, वजन, रक्तचाप आदि की जांच विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। और आवश्यकता अनुसार निशुल्क औषधि प्रदान की जाएगी। आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकरी डॉक्टर संजीव कुमार के अनुसार होम्योपैथिक उपचार के लिए डॉक्टर दीप्ति कुमारी मरीजों का उपचार करेगी।जबकि आयुर्वेद पद्धति से उपचार डॉक्टर विनय विजय अमृतानंद द्वारा किया जाएगा।

गोड्डा में शपथ ग्रहण को लेकर निषेधाज्ञा लागू

गोड्डा । नगरपालिका निर्वाचन-2026 के शपथ ग्रहण तथा अप्रत्यक्ष चुनाव के स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता के अनुरूप पाण्डुबथान स्थित नया समाहरणालय भवन के 100 मीटर की परिधि क्षेत्र अंतर्गत लोकशांति एवं विधि- व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमण्डल दण्डाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव द्वारा पाण्डुबथान स्थित नया समाहरणालय भवन के 100 मीटर की परिधि क्षेत्र अंतर्गत बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 10 मार्च 2026 से दिनांक 11 मार्च 2026 के रात्रि 10 बजे तक निम्नलिखित शर्तों के साथ निषेधाज्ञा लागू किया जाता है। पाँच या पाँच से अधिक व्यक्ति एक स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे और न ही नाजायज मजमा लगायेंगे।पाँच या उससे अधिक व्यक्तियों द्वारा पाण्डुबथान स्थित नया समाहरणालय भवन के 100 मीटर की परिधि के अंदर नाजायज मजमा लगाकर ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करना, उत्तेजक नारे लगाना वर्जित रहेगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का घातक हथियार यथा- लाठी, भाला, गड़ासा, तीर-धनुष या अन्य किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलेंगे।चुनाव जुलूस, चुनाव सभाओं, प्रदर्शन, धरना, रैली, बैठक आदि का आयोजन एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग सक्षम पदाधिकारी की अनुमति के बिना नहीं करेंगे।

महगामा नगर अध्यक्ष पद के लिए प्रबोध सोरेन ने लिया शपथ

गोड्डा । डीआरडीए सभागार में निकाय चुनाव 2026 के अंतर्गत महागामा नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रबोध सोरेन एवं वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों उपस्थिति रही। शपथ ग्रहण के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं विभिन्न वार्ड पार्षद ने नगर पंचायत के समग्र विकास, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

जामताड़ा में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन



जामताड़ा।जामताड़ा महाविद्यालय में मंगलवार को जिला स्तरीय 'विकसित भारत युवा संसद 2026' का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लेकर विकसित भारत की अवधारणा पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस के डॉ. धनंजय मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास में युवाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति सजग रहने तथा सकारात्मक सोच के साथ समाज में बदलाव लाने की अपील की।इस अवसर पर जामताड़ा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कौशल, तंबाकू नियंत्रण सलाहकार डॉ. सिन्हा, जिला खेल पदाधिकारी तूफान पोद्दार, चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य रजनीकांत दुबे तथा रेडक्रॉस के सदस्य राजेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर रेशमा रोप्पो के स्वागत भाषण से हुई, जबकि अंत में डॉ. जी.एस. गिरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।प्रतियोगिता में सना इकबाल ने 308 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। विशाल मित्रा दूसरे, तान्या साह तीसरे, सुमन वर्धन चौथे और संतोषी कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं।

जल सहिया कर रही जल की जांच

नाला (जामताड़ा)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत नाला प्रखंड अंतर्गत सालुका पंचायत के हरिपुर सहित विभिन्न जगहों में जल सहिया के द्वारा टेस्टिंग कीट के माध्यम से जल परीक्षण किया गया।इस दौरान जल की पीएच,टरबी डीटी, कठोरता, क्लोराइड, क्षारीयता लौहतत्व, मुक्त क्लोरीन, नाइट्रेट, फ्लोराइड, फास्फेट, अमोनिया ,बैक्टीरियल परीक्षण आदि की गई। इस अवसर पर जल सहिया पुतुल मंडल आदि मौजूद थे।

दावत- ए- इफ्तार का आयोजन



बसंतराय । पवित्र रमजान माह के अवसर पर क्षेत्र में समाजसेवी वरूण यादव द्वारा रविवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों, स्थानीय गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और आपसी भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया।इफ्तार से पूर्व रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर देश, राज्य एवं क्षेत्र की अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। जैसे ही इफ्तार का समय हुआ, सभी रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा खोला। इस दौरान पूरे माहौल में आध्यात्मिकता और भाईचारे की भावना देखने को मिली।समाजसेवी बरूण यादव ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना त्याग, सेवा, संयम और भाईचारे का संदेश देता है।

बजाज शोरूम व डिलीवरी कार्यालय से चोरों ने की ढ़ाई लाख की चोरी

संताल एक्सप्रेस /राजमहल। तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के दो अलग अलग स्थानों में मंगलवार को अज्ञात चोरों द्वारा ग्रिल तोड़ कर लगभग ढाई लाख की चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है. मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बैंक मोड़ के समीप जीएम बजाज बाइक शोरूम और डिलीवरी कोरियर सर्विस का कार्यालय रोज की तरह कर्मी द्वारा सोमवार को भी बंद कर चला गया था. जब मंगलवार को सुबह खुला तो देखा की समान बिखरा पड़ा हुआ है. वहीं इसकी सूचना तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे को दिया गया और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली. कार्यालय व शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का जांच किया. जिसमें तीन नकाब पोश अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि करीब 1:30 से 2:30 के बीच सबसे पहले डिलीवरी कोरियर सर्विस के खिड़की के लोहे का बना ग्रिल को कटर से काट कर अंदर प्रवेश किया. जहां लेनोवो कंपनी का दो लैपटॉप और गोदरेज के अलमीरा को तोड़ कर लगभग एक लाख रुपया निकाल लिया. इसके बाद तीनों ने जीएम बजाज बाइक शो रूम के पीछे का दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया. लेकिन वह नही टूट पाया तब पीछे के दरवाजे के ऊपर लगे लोहे के ग्रिल को कटर से काट कर शो रूम में प्रवेश किया और वहां से लगभग 87 हजार रुपया निकाल कर भाग गया. इसकी जानकारी तब मिली जब डिलीवरी कोरियर सर्विस को खोला गया तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा तब कर्मी की नजर टेबल से गायब लैपटॉप पड़ी. इसके बाद देखा कि अलमीरा भी तोडा हुआ है इसकी जानकारी तीनपहाड़ थाना को दिया गया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे स्थल पर पहुंच का जांच शुरू कर दिया.इस दौरान डिलीवरी कोरियर सेवा के सीसीटीवी और बाइक शो रूम में लगे सीसीटीवी के कैमरे की जांच किया गया. जहां इस घटना में नकाबपोश तीन लोगों को घटना में शामिल देखा गया. इस संदर्भ में थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे ने कहा कि मामले की जांच किया जा रहा है.

ईरान-अमेरिका-इजराइल ताला रेयाक् झोगड़ा खा़तिर ते रसोई गैस रेयाक् टोन्टा

खोबोरिया

खूंटी। ईरान, अमेरिका आर इजराइल ताला रेयाक् मित् गे तालाव ढेर इदिक्कान झोगड़ा रेयाक् असर दो़ नित आतो-डिहातको रे हों ञेलो़क् लागावेना। जिला मु यालय सांवते आडे-पासे रेयाक् आतो-डिहातको रे नियाहा़ली ओड़ाक् रे रसोई गैस रेयाक् आ़डी माराङ मुसकिलाक् बेनवाकाना। गैस सिलेंडर बाङ ञामो़क्कान ते हो़ड़ दो़ आ़डीको हारो़नो़क् काना। ञाम आकान खो़बो़र लेकाते, ला़ड़हाई एहो़प्एन तायो़म खो़न गैसबेबो़सताय रे आनाट हिजुक् एहो़प् एना। नोआ रेयाक् असर दो़ नोआहोय एना जे गैस एजेंसीको ताला रे सिलेंडर बेबो़सताय दोको को़म इदि केदा। ओबो़सता दो़ नोआ काना जे हो़ड़ दो़ खा़ली सिलेंडर इदि कातेमित्टेन एजेंसी ठेन खो़न दोसार एजेंसी ठेन आ़चुरो़क् होयोक्कान ताकोआ, मेनखान आयमा जायगा रे ओनको दो़ गैस गे बाको ञामेत् काना। आतो टोठ रेन हो़ड़ दो़को मेनेत् काना जे लाहा दो़ आलगा ते गैससिलेंडर ञामो़क्कान ताहेंकाना, मेनखान नित दो़ आयमा दिन हा़बिच् ता़ंगीय होयोक्कान ताकोआ। आदोम उपभो़कता दो़को लाई केदा जे एजेंसीको रे आ़डी जेलेञ था़र लागाक् काना आर आयमा धाव ते स्टॉक खो़न चाबाक्कान काथाको मेन काते हो़ड़को रूवा़ड़ेत्कोआ।

खेत रेको ञाम केदा जुवा़नाक् मा़ड़ी, जांच रेको जुटा़वेना पुलिस

खोबोरिया

पलामू। पलामू जिला रेयाक् हुसैनाबाद थाना टोठा रे उन ओ़कतेहो़ड़को आकबाकावेना तिन दो़ अलीनगर आतो रे मित्टेन खेत रे मित्टेन जुवा़नाक् मा़ड़ीको ञाम केदा। गो़चूएन जुवा़नाक् पाछनाव दो़ बेल बिगहा पंचायत रेयाक् पोखरापर गिरा़बासी संजय पासवान रूपरे होय आकाना। घो़टना रेयाक् खो़बो़र ञाम सांवते टोठ रे हो़ड़ाक् दुंगुत् भीड़ जारवायेना आर घारो़ंज रेन हो़ड़ दो़राक्-राक् तेको थाकाव चाबायेना।
ञाम आकान खो़बो़र लेकाते संजय पासवान दो़ अलीनगर रे मेनाक् आपनार मामा ताको ओड़ाक् रेय ताहेंनो़क्कान ताहेंकाना। बालेमाहां हिलोक् आतो हो़ड़ दो़ अलीनगर आतो रे मित्टेन खेत रे उनीयाक्मा़ड़ीको ञेल केदा, ओना तायो़म नोआ रेयाक् खो़बो़र दो़ पुलिसको एमात्कोआ। खो़बो़र ञाम सांवते हुसैनाबाद थाना पुलिस दो़ ओन्डेकोसेटेरेना आर मा़ड़ी दो़ आपनार गो़बो़ल रे दो़हो़ काते मामला रेयाक् जांचको एहो़प् केदा। ला़या़गो़क् काना जे संजय पासवान दो़ आच् एंगात-आपात रेन एकासिंगा़ हो़पो़ने ताहेंकाना। घो़टना तायो़म घारो़ंज रेन हो़ड़ दो़ राक्-राक् तेको लोराव चाबावाकाना।
पुलिस दो़ गो़च् हो़ड़मो़ पोस्टमार्टम ला़गित् कोल रेयाक् का़मीको एहो़प् केदा।

ऑटो उलटा़वेन ते गेलबार हो़ड़को घा़लेना अस्पताल रे चालाक्कान ताकोआ रान-मुरगा़न

खोबोरिया

खूंटी। झारखंड रेयाक् खूंटी जिला तोरपा थाना टोठा रे बालेमाहां हिलोक् मित्टेन ऑटो दो़ बाङ सामबड़ाव लेन ते उलटा़वेना, नोआघोटना रे मित्टेन का़टिच् गिदरा़ ला़ई ते गेल बार हो़ड़कोघा़ल एना। जो़तो़ घा़लाकान हो़ड़ दो़ रान-मुरगा़न आचोको ला़गित्ते तोरपा रेयाक् रेफ़रल अस्पताल रे होयोक्कान ताकोआ। घा़लआकान हो़ड़ दो़ तुरीगड़ा आतो रेन गिरा़बासी सोमारी सांई मुर्गाआर उनी रेन बाले गिदरा़ आशियान सांई मुर्गा, ज्योति तोपनो आरराहिल तोपनो बानार बोयहा कुड़ी, कुंती सांई मुर्गा, सपना सांई मुर्गाआर ऑटो चाक्लाविच् तोपनो ला़ई ते आयमा सा़ंगा़ड़िया़ सेलेत्कोताहेंकाना। बाडाय ञाम आकान लेका रे ऑटो दो़ रनिया प्रखंड रेयाक् तुरीगड़ा आतो खो़न सा़ंगा़ड़िया़ देच् कातेत् तोरपा बाजार तेको चालाक्कान ताहेंना। उन ओ़कते कूल्डा बिर सोर सोड़ो़क रे मो़ड़े गो़टेच् साइकिल रेको देच् आकान ताहेंन गिदरा़ दो़ स्टंटनेत्कान ताहेंना। गिदरा़ बांचाव खा़तिर ते चाक्लाविच् दो़ आचका गे ऑटोय आ़चुर केदा, ओना इया़ते ऑटो दो़ बाङ सामबड़ाव लेना आर सोड़ो़क आड़े रे उलटा़वेना। घो़टना तायो़म ऑटो रेको देच् आकान ताहेंन सा़ंगा़ड़िया़ दो़को आंद-मा़दावेना आर आयमा हो़ड़को घा़लेना। घा़ल आकान हो़ड़को मुद रे मित्टेन बाले गिदरा़ हों सेलेत् मेनाया, नोआ इया़ते ओन्डेको ताहेंकान हो़ड़ दो़आ़डीको चिनता़येना। उन ओ़कते ओडिशा सेच् चालाक्कन ताहेंन मित्टेन कार दो़ ओडका ते पारो़मो़क्कान ताहेंना। कार रेको ताहेंकान हो़ड़ दो़ सोड़ो़क रेको घा़ल आकान हो़ड़कोञेलकेत्कोआ आर दायायेन तेको घा़लाकान हो़ड़ दो़ उसा़रा कारे देच् कातेत् तोरपा रेयाक रेफ़रल अस्पताल तेको इदी केत्कोआ। नो़ते घा़लाकान सारेच् हो़ड़ दो़ आडे-पासे रेन हो़ड़कोवाक गो़ड़ो़ ते जुदा-जुदा़ गा़डी ते अस्पताल तेको आ़गुकेत्कोआ।

सीआईएसएफआक् 57धावाक् बानाधाव माहांको मानाव केदा

खोबोरिया

पश्चिमी सिंहभूम। जिला रेयाक् गुवा़ रे मंगलवार हिलोक् केंद्रीयऔद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफआक् गुवा आर मेघाहातुबुरू इकाई रे 57धावाक् बानाधाव माहां पुराउ कुसी सालाक् गो़रो़बसालाक्को मानाव केदा। नोआ ओ़पसो़र रे इकाई छाटका रे खास का़मीहो़रा ओराम एना। नोआ रे बल रेन अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी आर आयमा जवानको सेलेत् एना। का़मीहो़रा ओ़कते सीआईएसएफआक् गौ़रो़बशाली इतिहास, अनुसासो़न आर कर्तव्यनिष्ठा रे फ़ायलाव तेको ला़ई केदा। का़मीहो़रा ओ़कते ओनको अधिकारीको आर जवानको खास रूप ते मानो़त केत्कोआ, ओ़को़य दो़ आकोवाक् कर्तव्य ओ़कते उत्कृष्ट का़मी आरसारहावतेनाक् सेवाको एम आकादा। प्रशंसा पत्र आर स्मृति चिन्ह एमकाते ओनकोवाक् योगदानको सारहाव केदा। नोआ ओ़पसो़र रे आसो़ल पेड़ा़रूप रे ताहेंकान आसोल महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार दो़ बल रेनकोवाक् का़मी सारहाव तुलुचूए मेन केदा जे औद्योगिक सुरक्षा क्षेत्र रे सीआईएसएफ दिसा़म रेयाक् मित् केटेच् सुरक्षा ढाल रूपरेय का़मीयेत् काना। उनी दो़ जो़तो का़मियाको भविष्य रे हों अनुसासो़न, समर्पण आर कर्तव्यनिष्ठा सालाक् का़मी इदिय ताहेंने उसकुरकेत्कोआ। का़मीहो़रा मुचा़त् रे राष्ट्र सुरक्षा, सेवा आर समर्पण रेयाक् एकराड़ सालाक् समारोह दो़ मुचा़त् एना। नोआ ओ़कतेताहेंकान अधिकारीको आर जवानको दो़ दिसा़म रेयाक् सुरक्षा आर औद्योगिक प्रतिष्ठान रेयाक् रक्षा ला़गित् पुराउ पा़तियाउ सालाक् का़मी इदिय रेयाक्को एकराड़ दोहड़ा केदा।

का़मीय ओ़कते दोसाराक् मंजिल खो़न का़मिया़ हो़ड़े ञुरहा़ गो़च् एना

खोबोरिया

पूर्वी सिंहभूम। परसुडीह थाना टोठा रेयाक् सरजमदा रे मंगलवार हिलोक् बेनाव का़मीय ओ़कते मित् दर्दनाक घो़टना रे 35 उमा़रानठेका का़मिया़हो़ड़े ञुरहा़ गो़च् एना। सरजमदा रेन रवि लोहार रूप रेय बाडाय आकाना। घो़टो़ना तायो़म पुरा़ इलाका रे दुखरेयाक् माहौल मेनाक्आ आर घारो़ंज रेनको राक् थाकावआकाना। ला़येत् कानाको जे सरजमदा रे मेनाक् रेणु देवीयाक्ओड़ाक् रे छत सेंट्रिंग का़मी चालाक् कान ताहेंना। तिकिन सो़मो़यका़मी चाबायेन तायो़म का़मिया़ हो़ड़ दाका जो़म ला़गित् सीढ़ी खो़नलातार तेको फेडो़क् कान ताहेंना। नोआ ओ़कते रवि लोहार दो़यलेंजेत् एना। सीढ़ी रे रेलिंग बाय ताहेंकान ते बाय सामबड़ाव लेनाआर दोसाराक् मंजिल चोट खो़न सीधा़ ते ओ़त रेय ञुरहा़ एना आरे घा़ल एना। घो़टना तायो़म ओण्डे ताहेंकान का़मिया़ हो़ड़ आरटोठारिया़ हो़ड़ दो़ उनी तुरा़ंत राने ला़गित् सदर हासपाताल तेको इदी केदेया। चाहे, हासपाताल रे डॉक्टर दो़ उनी जांच बाड़ा केदे तायो़म गो़च् एनायको घोषित केदेया। घो़टो़ना बाडाय सांवते गेठेकेदार मनोज लोहार हों हासपाताल तेय सेटेर एना। नोते बाडाय सांवते गे पुलिस दो़ मामला जांच रेको धुरा़उ एना आर मांड़ीं पोस्टमार्टम ला़गित्को कोल आकादा।

कृषि योजनाको बाबो़त रे गापालमाराव, चा़सीको हा़बिच् सेटेर ओचोय रे उपायुक्ताक् जोर

खोबोरिया

दुमका। उपायुक्त अभिजीत सिन्हावाक् आयुर रे बालेमाहां हिलोक् कृषि आर ओना सांव जोड़ाव विभागकोवाक् गापालमाराव दुपुड़ुप् ओरामेना।दुपुड़ुप् रे जिला रे चालाव-बानाक्कान जुदा-जुदा़ चास-बास तेयाक्का़मीपोन्थाको रेयाक् लाहान्तिया़ का़मीको बाबोत रे गापालमाराव तुलुच् जा़रूडो़क्आक् का़मीकोय बातलावात्कोआ। उपायुक्त दो़ सॉइल हेल्थ कार्ड योजना जोरा़त् तुलुचूए मेन केदा जे जा़सती खो़न जा़सतीहासा रेयाक् नमूनाको जारवायमा, जेमो़न चा़सीको दो़ ओनकोवाक्ज़ुमी रेयाक् गुणवत्ता लेका रे खाद बेवहार रेयाक् सही बानाडायको ञाम दाड़ेयाक्। दुपुड़ुप् रेय ला़ई केदा जे जिला रे नित हा़बिच् ते 11,700 गो़टेच् चा़सीकोवाक् हासा जांच चुका़वाकाना।
उपायुक्त दो़य बातलावात्कोआ जे जाहांय चा़सीकोवाक् सॉइल जांच होय ठीक आकान ताकोआ, ओनको दो़ उसा़रा गे सॉइल हेल्थ कार्डबेबो़सतावाकोमा। दुपुड़ुप् रे बानाडाये एमात्कोआ जे काठीकुंड आरसरैयाहाट प्रखंड रे चा़सीको ताला रे तुड़ी इता आर दुमुर आसुलको ला़गित् हनी प्रोडक्शन बॉक्सको हा़टिञात्कोआ, जेमो़न चा़सीकोवाक् आमदानी ढेरो़क् ताको। नोआ छाडा ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' योजना ता़री रे जिला रे 353 हेक्टेयर टोठा रे ड्रिप इरीगेशन प्रणाली ला़गुवाकाना। उपायुक्त दो़100 गो़टेच् साइटको भौतिक सत्यापन काते आर फेटो सांवते रिपोर्टएमो़क् ला़गित्ए बातलावात्कोआ। उनी दो़य मेन केदा जे ड्रिप इरीगेशनरेयाक् रेयाक् वास्तविक बेवहार ठा़उका़उ तायो़म गे ओना सांव जोड़ाव भुगतान दो़ होयोक्आ। दुपुड़ुप् रे मशरूम चास, चास-बास ढेर ओचोय रेयाक् का़मीको आर टीकाकरण अभियान बाबो़त हों़कोगापालमाराव केदा।

कार्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, देवघर। सरकारी बस स्टैण्ड, कोर्ट रोड, देवघर - 814112 (झारखण्ड)

आईपी फोन नं०: 24071–24079 (झारनेट), ई-मेल: dto-deoghar@nic.in

ज्ञापांक: 86/परि० देवघर, दिनांक: 10/03/2026

अस्थाई निबंधित वाहन स्वामियों हेतु आवश्यक सूचना

एतद द्वारा निम्नांकित वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा क्रय किये गये नये वाहन जो कि मोटरवाहन अधिनियम, 1988 की धारा–43 के अन्तर्गत अस्थायी निबंधन (Temporary Registered) कराया गया है धारा–39, 40 एवं अन्य के तहत स्थायी निबंधन (Permanent Registration) अबतक नहीं कराया गया है, जिससे सरकार की राजस्व की क्षति हो रही है तथा मोटरवाहन अधिनियम, 1988 एवं झारखण्ड मोटरवाहन करारोपन अधिनियम, 2001 के तहत दण्डनीय अपराध भी है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि दिनांकः 15.03.2026 तक संबंधित परिवहन कार्यालय में निश्चित रूप से स्थायी निबंधन (Permanent Registration) कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम, 1988 एवं झारखण्ड मोटरवाहन करारोपन अधिनियम, 2001 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

S. No	ARTO From	Temporary Regn. No	To Office	Vehicle Purchase Date	Temp. Valid From	Temp. Valid Upto	Owner Name	Vehicle Class	Dealer Name
1	DHANBAD	T0423JH9518A	DEOGHAR	22-04-2023	22-04-2023	21-10-2023	DIPAK KR. SINGH	MOTOR CAR	RELIABLE INDUSTRIES
2	DEOGHAR	T1123JH4042C	DEOGHAR	19-05-2023	19-05-2023	18-11-2023	TAPAS PRASAD DAS	MOTOR CAR	TEKRIWAL MOTORS
3	DEOGHAR	T0723JH5542B	DEOGHAR	22-05-2023	22-05-2023	21-11-2023	SARITA DEVI	MOTOR CAR	JUHI MOTORS
4	DEOGHAR	T0523JH2073B	DEOGHAR	22-05-2023	22-05-2023	21-11-2023	MANOJ CHOUDHARY	M-Cy.	NANDI RIDERS
5	DEOGHAR	T0523JH2130B	DEOGHAR	27-05-2023	27-05-2023	26-11-2023	DEEPAK KR. SAH	MOTOR CAR	TEKRIWAL MOTORS
6	GODDA	T0723JH5010B	DEOGHAR	08-07-2023	08-07-2023	07-01-2024	SUMAN KR. MAHATHA	M-Cy./ SCOOTER	DIKSHITA ENTERPRISES
7	RANCHI	T0823JH7122B	DEOGHAR	31-07-2023	31-07-2023	30-01-2024	R K TYRE	TRACTOR (COMM.)	TAFE LTD.
8	DEOGHAR	T0923JH8760B	DEOGHAR	31-08-2023	31-08-2023	28-02-2024	SUMIT KR. CHOUDHARY	MOTOR CAR	PREMSONS MOTOR UDYOG
9	DEOGHAR	T0923JH1073C	DEOGHAR	15-09-2023	15-09-2023	14-03-2024	RINKI DEVI	M-Cy.	NANDI RIDERS
10	GIRIDIH	T0624JH4684B	DEOGHAR	02-11-2023	02-11-2023	01-12-2023	VASANT KR. GUPTA	MOTOR CAR	BAIDYANATH AUTOMOBILES
11	DEOGHAR	T0224JH4716A	DEOGHAR	02-12-2023	02-12-2023	01-06-2024	BHAVISH KR. SINGH	MOTOR CAR	RELIABLE INDUSTRIES
12	RANCHI	T0124JH0155A	DEOGHAR	29-12-2023	29-12-2023	28-06-2024	R K TYRE	TRACTOR (COMM.)	TAFE LTD.
13	RANCHI	T0124JH0161A	DEOGHAR	29-12-2023	29-12-2023	28-06-2024	R K TYRE	TRACTOR (COMM.)	TAFE LTD.
14	BOKARO	T0124JH0937A	DEOGHAR	11-01-2024	11-01-2024	10-07-2024	DIPAK KR. SAW	MOTOR CAR	AARUSHVIK AUTOMOBILES
15	DHANBAD	T0124JH1634A	DEOGHAR	19-01-2024	19-01-2024	18-07-2024	RAM KR.	MOTOR CAR	RSYA AUTO
16	RANCHI	T0224JH3296A	DEOGHAR	30-01-2024	30-01-2024	29-07-2024	R K TYRE	TRACTOR (COMM.)	TAFE LTD.
17	DHANBAD	T0224JH4201A	DEOGHAR	17-02-2024	17-02-2024	16-08-2024	CHANDAN KR. CHOUDHARY	MOTOR CAR	LIBRA HYUNDAI
18	RANCHI	T0324JH5716A	DEOGHAR	29-02-2024	29-02-2024	28-08-2024	R K TYRE	TRACTOR (COMM.)	TAFE LTD.
19	DEOGHAR	T0324JH6723A	DEOGHAR	02-03-2024	02-03-2024	01-09-2024	GOVIND BHOKTA	MOTOR CAR	RELIABLE INDUSTRIES
20	DEOGHAR	T0324JH5657A	DEOGHAR	04-03-2024	04-03-2024	03-09-2024	DIVYA KUMARI SINGH	MOTOR CAR	RSYA AUTO
21	RANCHI	T0424JH8525A	DEOGHAR	30-03-2024	30-03-2024	29-09-2024	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
22	RANCHI	T0424JH8522A	DEOGHAR	30-03-2024	30-03-2024	29-09-2024	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
23	RANCHI	T0424JH8517A	DEOGHAR	30-03-2024	30-03-2024	29-09-2024	R K TYRE	TRACTOR (COMM.)	TAFE LTD.
24	DEOGHAR	T0424JH0331B	DEOGHAR	14-04-2024	14-04-2024	13-10-2024	ASHUTOSH KR.	MOTOR CAR	RSYA AUTO
25	DHANBAD	T0424JH0755B	DEOGHAR	29-04-2024	29-04-2024	28-10-2024	UPENDRA KR.	MOTOR CAR	S.S. MOTOGEN
26	RANCHI	T0624JH3567B	DEOGHAR	29-05-2024	29-05-2024	28-11-2024	R K TYRE	TRACTOR (COMM.)	TAFE LTD.
27	RANCHI	T0624JH4856B	DEOGHAR	31-05-2024	31-05-2024	29-11-2024	SOURABH KR. ROY	CEV (COMM.)	PREMSONS MOTOR
28	DHANBAD	T0624JH4458B	DEOGHAR	15-06-2024	15-06-2024	14-12-2024	VIJENDRA KR. SHUKLA	MOTOR CAR	SINGHANIA FUTURE PVT LTD
29	DEOGHAR	T0624JH4714B	DEOGHAR	16-06-2024	16-06-2024	15-12-2024	AMIT KR.	MOTOR CAR	RSYA AUTO
30	RANCHI	T0724JH7379B	DEOGHAR	19-07-2024	19-07-2024	18-01-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
31	RANCHI	T0724JH7380B	DEOGHAR	19-07-2024	19-07-2024	18-01-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
32	RANCHI	T0824JH8210B	DEOGHAR	27-07-2024	27-07-2024	26-01-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
33	RANCHI	T0824JH8203B	DEOGHAR	29-07-2024	29-07-2024	28-01-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
34	RANCHI	T0824JH8202B	DEOGHAR	29-07-2024	29-07-2024	28-01-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
35	RANCHI	T0824JH8204B	DEOGHAR	29-07-2024	29-07-2024	28-01-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
36	DHANBAD	T0924JH0321C	DEOGHAR	15-08-2024	15-08-2024	14-02-2025	BADIYA STONE MINES	CEV (COMM.)	INFRA EQUIP
37	RANCHI	T0924JH1589C	DEOGHAR	13-09-2024	13-09-2024	12-03-2025	NITYANAND SINGH	CEV (COMM.)	HIRALAL INDUSTRIAL TECH
38	DHANBAD	T0924JH1778C	DEOGHAR	25-09-2024	25-09-2024	24-03-2025	SAFINA KHATOON	MOTOR CAR	S.S. MOTOGEN
39	DUMKA	T0425JH1434B	DEOGHAR	30-09-2024	30-09-2024	29-10-2024	UTTAM KR. MANDAL	MOTOR CAR	TIWARY AUTOMOBILES
40	DEOGHAR	T1024JH4193C	DEOGHAR	05-10-2024	05-10-2024	04-04-2025	MD. SABIR	MOTOR CAR	TEKRIWAL MOTORS
41	RANCHI	T1124JH6222C	DEOGHAR	02-11-2024	02-11-2024	01-05-2025	DEOGHAR TRACTOR	TRACTOR (COMM.)	M&M
42	RANCHI	T1124JH6224C	DEOGHAR	02-11-2024	02-11-2024	01-05-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
43	DEOGHAR	T1124JH7219C	DEOGHAR	12-11-2024	12-11-2024	11-05-2025	RANJIT KR.	MOTOR CAR	RSYA AUTO
44	DUMKA	T1124JH7354C	DEOGHAR	15-11-2024	15-11-2024	14-05-2025	ASHOK THAKUR	MOTOR CAR	TIWARY AUTOMOBILES
45	DEOGHAR	T0225JH3822A	DEOGHAR	11-12-2024	11-12-2024	10-06-2025	AMRIT ANAND	MOTOR CAR	RELIABLE INDUSTRIES
46	DEOGHAR	T0125JH0650A	DEOGHAR	05-01-2025	05-01-2025	04-07-2025	DILIP YADAV	M-Cy.	NANDI RIDERS
47	RANCHI	T0125JH0500A	DEOGHAR	07-01-2025	07-01-2025	06-07-2025	SAI HIGHWAY AND BUILDERS PVT LTD	CEV (COMM.)	SCHWING STETTER
48	RANCHI	T0125JH0963A	DEOGHAR	08-01-2025	08-01-2025	07-07-2025	RAJESH KR. CHOUDHARY	CEV (COMM.)	HIRALAL INDUSTRIAL TECH
49	PALAMU	T0125JH2732A	DEOGHAR	22-01-2025	22-01-2025	21-07-2025	EXECUTIVE OFF. NAGAR PARISHAD M.	TRACTOR (COMM.)	YAMUNA TRACTOR MOTORS
50	DEOGHAR	T0125JH2091A	DEOGHAR	23-01-2025	23-01-2025	22-07-2025	MOHAMMAD SHAHBAZ ANSARI	MOTOR CAR	RSYA AUTO
51	DEOGHAR	T0125JH2260A	DEOGHAR	25-01-2025	25-01-2025	24-07-2025	RAMESH RAM	M-Cy.	NANDI RIDERS
52	RANCHI	T0225JH3614A	DEOGHAR	29-01-2025	29-01-2025	28-07-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
53	RANCHI	T0325JH6081A	DEOGHAR	27-02-2025	27-02-2025	26-08-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
54	RANCHI	T0325JH6083A	DEOGHAR	27-02-2025	27-02-2025	26-08-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
55	DHANBAD	T0425JH0104B	DEOGHAR	03-03-2025	03-03-2025	02-09-2025	BIKAS KR. MANDAL	CEV (COMM.)	REVETHI DEALERS
56	DEOGHAR	T0525JH3893B	DEOGHAR	08-03-2025	08-03-2025	07-09-2025	RAJU KR. BHAGAT	MOTOR CAB	JUHI MOTORS
57	DHANBAD	T0525JH2248B	DEOGHAR	17-04-2025	17-04-2025	16-10-2025	SHATRUGHAN MANDAL	CEV (COMM.)	REVETHI DEALERS
58	DHANBAD	T0525JH2249B	DEOGHAR	17-04-2025	17-04-2025	16-10-2025	SHATRUGHAN MANDAL	CEV (COMM.)	REVETHI DEALERS
59	DUMKA	T0425JH1790B	DEOGHAR	30-04-2025	30-04-2025	29-10-2025	SHYAM KISHOR SINGH	M-Cy.	MAJESTIC AUTOBIKES
60	DEOGHAR	T0525JH3114B	DEOGHAR	15-05-2025	15-05-2025	14-11-2025	RAJU KR. YADAV	MOTOR CAR	RSYA AUTO
61	DEOGHAR	T0625JH5249B	DEOGHAR	05-06-2025	05-06-2025	04-12-2025	TULSI PANDIT	M-Cy.	NANDI RIDERS
62	RANCHI	T0725JH8370B	DEOGHAR	19-06-2025	19-06-2025	18-12-2025	SATISH KR.	CEV (COMM.)	HIRALAL INDUSTRIAL TECH
63	RANCHI	T0725JH7045B	DEOGHAR	23-06-2025	23-06-2025	22-12-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
64	RANCHI	T0725JH7044B	DEOGHAR	23-06-2025	23-06-2025	22-12-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
65	RANCHI	T0725JH7043B	DEOGHAR	23-06-2025	23-06-2025	22-12-2025	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
66	DHANBAD	T0625JH6485B	DEOGHAR	27-06-2025	27-06-2025	26-12-2025	SHATRUGHAN MANDAL	CEV (COMM.)	TRADEWINGS
67	DUMKA	T0725JH7826B	DEOGHAR	30-06-2025	30-06-2025	29-12-2025	ABHAY KASHYAP	MOTOR CAR	TIWARY AUTOMOBILES
68	BOKARO	T0725JH7400B	DEOGHAR	04-07-2025	04-07-2025	03-01-2026	MD ASLAM	E-RICKSHAW(P)	ROYAL AUTOMOBILES
69	DHANBAD	T0725JH7281B	DEOGHAR	04-07-2025	04-07-2025	03-01-2026	BABA BAIDYANATH ENTERPRISES	GOODS CARRIER	COALFIELD EQUIPMENT
70	DEOGHAR	T0725JH7631B	DEOGHAR	10-07-2025	10-07-2025	09-01-2026	VIJAY KR.	MOTOR CAR	RSYA AUTO
71	DEOGHAR	T0825JH0241C	DEOGHAR	15-07-2025	15-07-2025	14-01-2026	LALMOHAN SHARMA	MOTOR CAR	AARUSHVIK AUTOMOBILES
72	DHANBAD	T0925JH4561C	DEOGHAR	06-08-2025	06-08-2025	05-02-2026	SABNAM BIBI	GOODS CARRIER	COALFIELD EQUIPMENT
73	DHANBAD	T0925JH4560C	DEOGHAR	06-08-2025	06-08-2025	05-02-2026	SABNAM BIBI	GOODS CARRIER	COALFIELD EQUIPMENT
74	DHANBAD	T0925JH4559C	DEOGHAR	08-08-2025	08-08-2025	07-02-2026	JAHIRUDDIN ANSARI	GOODS CARRIER	COALFIELD EQUIPMENT
75	DHANBAD	T0925JH4558C	DEOGHAR	08-08-2025	08-08-2025	07-02-2026	JAHIRUDDIN ANSARI	GOODS CARRIER	COALFIELD EQUIPMENT
76	DHANBAD	T0825JH0796C	DEOGHAR	20-08-2025	20-08-2025	19-02-2026	DHARMENDRA KR.	MAXI CAB	RATAN MOTORS
77	RANCHI	T1025JH5565C	DEOGHAR	26-08-2025	26-08-2025	25-02-2026	LALSURYAPAL SINGH	CEV (COMM.)	HIRALAL INDUSTRIAL TECH
78	RANCHI	T0925JH2349C	DEOGHAR	26-08-2025	26-08-2025	25-02-2026	SUKDEB PANDIT	CEV (COMM.)	HIRALAL INDUSTRIAL TECH
79	DHANBAD	T0925JH2697C	DEOGHAR	10-09-2025	10-09-2025	09-03-2026	JABBAR ANSARI	GOODS CARRIER	COALFIELD EQUIPMENT
80	DHANBAD	T0925JH2698C	DEOGHAR	10-09-2025	10-09-2025	09-03-2026	JABBAR ANSARI	GOODS CARRIER	COALFIELD EQUIPMENT
81	DEOGHAR	T0925JH2873C	DEOGHAR	12-09-2025	12-09-2025	11-03-2026	MANISHA KR. SAHA	MOTOR CAR	TEKRIWAL MOTORS
82	DEOGHAR	T1125JH1564D	DEOGHAR	15-09-2025	15-09-2025	14-03-2026	PRDIP DAS	M-Cy.	NANDI RIDERS
83	RANCHI	T0925JH3327C	DEOGHAR	22-09-2025	22-09-2025	21-03-2026	ASHISH RAY	MOTOR CAR	PRATIK AUTOMOBILES
84	RANCHI	T1025JH5852C	DEOGHAR	23-09-2025	23-09-2025	22-03-2026	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
85	RANCHI	T1025JH7629C	DEOGHAR	26-09-2025	26-09-2025	25-03-2026	RAHUL RANJAN SINGH	MOTOR CAR	FAIRDEAL HYUNDAI
86	DEOGHAR	T1025JH5969C	DEOGHAR	29-09-2025	29-09-2025	28-03-2026	PRIYANKA KUMARI	MOTOR CAR	TEKRIWAL MOTORS
87	DHANBAD	T0925JH4520C	DEOGHAR	29-09-2025	29-09-2025	28-03-2026	UPENDAR VERMA	CEV (COMM.)	TRADEWINGS
88	DEOGHAR	T1025JH4806C	DEOGHAR	01-10-2025	01-10-2025	31-03-2026	GANITA DEVI	MOTOR CAR	RSYA AUTO
89	DEOGHAR	T1125JH8876C	DEOGHAR	03-10-2025	03-10-2025	02-04-2026	SACHIN KR.	M-Cy.	NANDI RIDERS
90	DEOGHAR	T1025JH5380C	DEOGHAR	03-10-2025	03-10-2025	02-04-2026	AKSHIT SINGH	M-Cy.	NANDI RIDERS
91	DEOGHAR	T1025JH6209C	DEOGHAR	06-10-2025	06-10-2025	05-04-2026	FAKRUDDIN ANSARI	MOTOR CAR	AARUSHVIK AUTOMOBILES
92	DUMKA	T1025JH5878C	DEOGHAR	08-10-2025	08-10-2025	07-04-2026	RAKHI KUMARI	MOTOR CAR	TIWARY AUTOMOBILES
93	DEOGHAR	T1025JH7468C	DEOGHAR	15-10-2025	15-10-2025	14-04-2026	KUNDAN KR. PODDAR	MOTOR CAR	AARUSHVIK AUTOMOBILES
94	DHANBAD	T1225JH2723D	DEOGHAR	17-10-2025	17-10-2025	16-04-2026	KARIMUDDIN MIYAN	BUS	BAIDYANATH MOTORS
95	RANCHI	T1125JH8974C	DEOGHAR	17-10-2025	17-10-2025	16-04-2026	KALPANA SHARMA	MOTOR CAR	HERITAGE LANDMARKS
96	DEOGHAR	T1025JH7189C	DEOGHAR	18-10-2025	18-10-2025	17-04-2026	JITENDRA KR. PASWAN	MOTOR CAR	RSYA AUTO
97	DHANBAD	T1125JH8902C	DEOGHAR	18-10-2025	18-10-2025	17-04-2026	MAA AGENCY	GOODS CARRIER	RELIABLE INDUSTRIES
98	DHANBAD	T1025JH7313C	DEOGHAR	20-10-2025	20-10-2025	19-04-2026	ASHOK KR.	CEV (COMM.)	TRADEWINGS
99	RANCHI	T1125JH0708D	DEOGHAR	23-10-2025	23-10-2025	22-04-2026	VIKAS KR. SINHA	CEV (COMM.)	HIRALAL INDUSTRIAL TECH
100	DEOGHAR	T1125JH9036C	DEOGHAR	28-10-2025	28-10-2025	27-04-2026	NITESH KR. MISHRA	M-Cy.	MOTO REBEL
101	DEOGHAR	T1025JH8327C	DEOGHAR	28-10-2025	28-10-2025	27-04-2026	KUMAR SHASWAT	MOTOR CAR	RSYA AUTO
102	RANCHI	T1125JH0091D	DEOGHAR	29-10-2025	29-10-2025	28-04-2026	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
103	RANCHI	T1225JH2325D	DEOGHAR	31-10-2025	31-10-2025	29-04-2026	ISTIYAK ANSARI	GOODS CARRIER	BUDHIA AGENCIES
104	DEOGHAR	T1225JH2543D	DEOGHAR	05-11-2025	05-11-2025	04-05-2026	DHANANJAY YADAV	MOTOR CAB	RELIABLE INDUSTRIES
105	DHANBAD	T1125JH9857C	DEOGHAR	05-11-2025	05-11-2025	04-05-2026	NIRBHAY SINGH	MOTOR CAR	YAJNAND MOTORS LLP
106	DEOGHAR	T1125JH0119D	DEOGHAR	07-11-2025	07-11-2025	06-05-2026	AADITYA KASHYAP	MOTOR CAR	AARUSHVIK AUTOMOBILES
107	RANCHI	T1125JH0189D	DEOGHAR	07-11-2025	07-11-2025	06-05-2026	DEOGHAR TRACTORS	TRACTOR (COMM.)	M&M
108	SAHEBGANJ	T1125JH0195D	DEOGHAR	11-11-2025	11-11-2025	10-05-2026	AZHAR AHAMAD	GOODS CARRIER	MR MOTORS
109	DHANBAD	T1225JH5421D	DEOGHAR	17-11-2025	17-11-2025	16-05-2026	ANNAPURNA FUELS	GOODS CARRIER	JMA STORES
110	DHANBAD	T1125JH1246D	DEOGHAR	19-11-2025	19-11-2025	18-05-2026	GIRDHARI RAJGARIA	BUS	BAIDYANATH MOTORS
111	DHANBAD	T1125JH1442D	DEOGHAR	20-11-2025	20-11-2025	19-05-2026	PARMANAND MANDAL	CEV (COMM.)	TRADEWINGS
112	DUMKA	T1125JH1300D	DEOGHAR	22-11-2025	22-11-2025	21-05-2026	MONALI KUMARI	MOTOR CAR	TIWARY AUTOMOBILES
113	HAZARIBAG	T1125JH1875D	DEOGHAR	24-11-2025	24-11-2025	23-05-2026	VIDYA VIKAS SAMITI	MAXI CAB	GAJRAJ VAHAN
114	GIRIDIH	T1125JH1761D	DEOGHAR	25-11-2025	25-11-2025	24-05-2026	ATUL SHEKH	MOTOR CAR	BAIDYANATH AUTOMOBILES
115	JAMTARA	T1125JH1873D	DEOGHAR	25-11-2025	25-11-2025	24-05-2026	BISHNU MANDAL	M-Cy./ SCOOTER	SIDDHI VINAYAK
116	RANCHI	T1125JH1512D	DEOGHAR	25-11-2025	25-11-2025	24-05-2026	KUMARI ANURADHA	MOTOR CAR	K P AUTOMOBILES
117	SARAIKELA K.	T1125JH1431D	DEOGHAR	25-11-2025	25-11-2025	24-05-2026	AMIT KR.	MOTOR CAR	NARBHERAM MOTORS
118	RANCHI	T1125JH2064D	DEOGHAR	26-11-2025	26-11-2025	25-05-2026	DIBYANSHU	MOTOR CAR	TITANIA MOTOCORP
119	DHANBAD	T1225JH2550D	DEOGHAR	27-11-2025	27-11-2025	26-05-2026	UTTAM DAS	MOTOR CAR	MODEL FUELS
120	DEOGHAR	T1225JH3232D	DEOGHAR	01-12-2025	01-12-2025	31-05-2026	MD.ASLAM	MOTOR CAR	AARUSHVIK AUTOMOBILES
121	DHANBAD	T1225JH2530D	DEOGHAR	01-12-2025	01-12-2025	31-05-2026	MS RG TRAVELS	BUS	BAIDYANATH MOTORS
122	HAZARIBAG	T1225JH2768D	DEOGHAR	04-12-2025	05-12-2025	03-06-2026	DILIP RANA	GOODS CARRIER	NEXGEN
123	DUMKA	T1225JH3110D	DEOGHAR	08-12-2025	08-12-2025	07-06-2026	KANCHAN KUMARI	MOTOR CAR	HIMMATSINGKA BROS.
124	DHANBAD	T1225JH3756D	DEOGHAR	16-12-2025	16-12-2025	15-06-2026	SRIKANT KR.	CEV (COMM.)	TRADEWINGS
125	DHANBAD	T1225JH4192D	DEOGHAR	19-12-2025	19-12-2025	18-06-2026	ASHOK KR.	MOTOR CAR	S.S. MOTOGEN
126	DHANBAD	JH/10/TMP/2019/475	DEOGHAR	07-03-2019	07-03-2019	06-04-2019	TAPAN KR. BAURI	EXCAVATOR (COMM.)	OTHERS

PR 374636 Deoghar (25-26)_D

ह०/–
जिला परिवहन पदाधिकारी, देवघर

डीसी ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

दुमका। महिलाओं को त्वरित सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मंगलवार को हिजला स्थित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव तथा महिलाओं को दी जा रही सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने केंद्र में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र में आने वाली प्रत्येक महिला और लाभार्थी का नाम तथा आवश्यक विवरण नियमित रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने सभी अभिलेखों को अद्यतन और व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने 181 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं से जुड़ी शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता मिल सके और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान हो। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र परिसर में महत्वपूर्ण दूरभाष नंबरों को प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विभागों से तुरंत संपर्क स्थापित किया जा सके।

एसकेएमयू में विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

जरमुंडी । पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, तालझारी के विद्यार्थियों को सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के अंतर्गत कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के वातावरण से परिचित कराने के लिए एस.के.एम.यू, दुमका ले जाया गया। जहां विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के वातावरण से परिचित कराकर उनके भीतर ज्ञान और अनुसंधान के प्रति रूचि जगाने हेतु प्रेरित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के अकादमिक ब्लॉक, प्रशासनिक ब्लॉक तथा विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय के विशाल परिसर, आधुनिक भवनों और शैक्षणिक वातावरण को देखकर विद्यार्थी काफी उत्साहित हुए। उन्हें विद्यालयी शिक्षा के उपरांत विश्वविद्यालयों में उच्च स्तरीय अध्ययन और शोध कार्य करने जैसे गुढ़ विषयों को जानने का अवसर मिला। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. हिमाद्रि शेखर दत्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

सड़क, पानी और बिजली की समस्याएं होगी दूर

शिकारीपाड़ा । प्रखंड की मुडायम पंचायत में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। पंचायत के सिजुवाडीह और मुरलीपहाड़ी गांवों में आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर ग्राम कार्य योजना तैयार की। सभा में मुख्य रूप से मौजूद जिला समन्वयक निर्मल कुमार दास और प्रखंड समन्वयक विकास मिश्रा ने ग्रामीणों को योजनाओं के चयन की प्रक्रिया समझाई। मुखिया, ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की उपस्थिति में ग्रामीणों ने गांव की सूरत बदलने के लिए सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता संबंधी योजनाओं पर अपनी मुहर लगाई। इसके साथ ही बिजली व्यवस्था में सुधार, जर्जर स्कूलों की मरम्मत और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी गई। विकास की इस प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आयोजित इन सभाओं ने साबित कर दिया कि जब ग्रामीण खुद अपनी योजनाओं का चयन करते हैं, तो विकास अधिक प्रभावी और टिकाऊ होता है। ग्रामीणों की इस सक्रिय भागीदारी से अब क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

नाबार्ड दुमका ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दुमका । नारी शक्ति के बढ़ते कदमों और अर्थव्यवस्था में उनके अतुलनीय योगदान को सलाम करते हुए नाबार्ड दुमका द्वारा एटमा कॉन्फ्रेंस हॉल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का गरिमामय आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जिला कृषि अधिकारी निशा कुल्लू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि बैंकिंग जगत से आकांक्षा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, अर्पणा कुमारी केनरा बैंक और अनुजा यूको बैंक ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल संचालन नाबार्ड के डीडीएम शुभेंदु कुमार ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि आज की महिलाएं खेती-किसानी से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक हर मोर्चे पर अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और उनके दूरगामी प्रभावों की विस्तृत जानकारी साझा की। इस आयोजन में जिले की लगभग 70 महिला शिल्पकारों, स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों की महिला सदस्यों ने भाग लिया। अंत में, सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था को लेकर झामुमो ने सीएस को सौंपा मांगपत्र

दुमका। झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को नगर अध्यक्ष विजय कुमार दास के नेतृत्व में फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक से शिष्टाचार मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, सभी जांच उपकरणों को सुचारु रूप से चालू रखने तथा लंबे समय से बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड मशीन को जल्द शुरू करने की मांग की। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने और एग्रीमेंट के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति करने की बात भी उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता का अधिकार है और इसे सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अस्पताल प्रबंधन जल्द आवश्यक कदम उठाकर व्यवस्था में सुधार करेगा, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके।

केसरी सूर्य मंदिर में पीपल विवाह धूमधाम से मना

जरमुंडी । केशरी सूर्य मंदिर परिसर में पीपल वृक्ष शुभ विवाह महोत्सव भक्ति,श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। धार्मिक रीतियों और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शुभ पीपलवृक्ष विवाह संपन्न हुआ। पीपल के वृक्ष को दुल्हन और बरगद के वृक्ष को दूल्हा मानकर उनका विवाह कराया गया। शुभ विवाह की इस बेला में बैंड बाजा से लेकर हल्दी, मेहंदी, कलश यात्रा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे जैसी रस्में निभाई गए। पूरे गांव के लोग बाराती और घराती बनकर शामिल हुए। कुछ श्रद्धालु वर पक्ष बने और कुछ ने वधू पक्ष की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व राज्य सभा सांसद अभयकांत प्रसाद कार्यक्रम में उपस्थित थे। पीपल विवाह महोत्सव कार्यक्रम के दौरान पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने यहां शुभ पीपल विवाह महोत्सव पर भक्ति जागरण का शुभारंभ फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर पूर्व कृषि मंत्री बादल ने कहा कि पीपल विवाह जैसी परंपराएं विलुप्त होती जा रही है।

दुमका चक्का जाम : गोलीकांड के गुस्से में थमी बसों की रफ्तार, बस स्टैंड पर डटा मजदूर संघ

ब्यूरो

दुमका । शहर में हाल ही में हुए गोलीकांड की गूँज अब सड़कों पर भी साफ़ सुनाई दे रही है। इस घटना के विरोध में विभिन्न संगठनों ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। इसी कड़ी में, संथाल परगना मोटर मजदूर संघ के नेतृत्व में मंगलवार के सुबह से ही दुमका बस स्टैंड पर बसों का परिचालन पूरी तरह से ठप कर दिया गया है।

यात्री बेहाल, सन्नाटे में बस स्टैंड

मंगलवार सुबह 7 बजे से ही शुरू हुए इस अनिश्चितकालीन बंद के कारण बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा हुआ है। स्टैंड से एक भी बस नहीं खुलने के कारण लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, विरोध के समर्थन में बस स्टैंड परिसर की अधिकांश दुकानें भी बंद रखी गई हैं, जिससे यात्रियों के लिए पीने के पानी और नाश्ते तक का संकट खड़ा हो गया है।

न्याय की मांग पर अड़े संगठन

मजदूर संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि गोलीकांड जैसी वारदातों ने आम जनमानस और मजदूरों के बीच असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। जब तक प्रशासन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सुरक्षा का पुख्ता भरोसा नहीं दिलाता, तब तक यह धरना और चक्का जाम जारी रहेगा।

प्रशासन के आश्वासन पर थमी बस हड़ताल, रात 12 बजे से परिचालन बहाल

दुमका। प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद मोटर मजदूर संघ ने बस सेवा बहाल करने का निर्णय लिया है। मंगलवार की शाम संघ के नेता कौशल सिंह ने बताया कि बस स्टैंड में एसडीपीओ विजय कुमार महतो, डीएसपी (मुख्यालय) ईकुड डुंगडुंग तथा प्रभारी एसडीओ सह प्रशिक्षु आईएएस नाजिस उमर अंसारी ने अरुण सिंह और संगठन के सदस्यों से बातचीत की। इसके बाद उपायुक्त से भी चर्चा हुई। प्रशासन की ओर से उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद संगठन ने फैसला लिया कि मंगलवार की रात 12 बजे के बाद दुमका से यात्री बसों का परिचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

बस नहीं चलने से रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़, यात्रियों को हुई भारी परेशानी

दुमका। संताल परगना मोटर मजदूर संघ के आह्वान पर 10 मार्च से दुमका बस पड़ाव से चलने वाली सभी बसों का परिचालन पूरी तरह ठप हो गया है। बस सेवा बंद रहने से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बसों के नहीं चलने का असर सीधे तौर पर रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। दुमका रेलवे स्टेशन पर रामपुरहाट-जसीडीह सवारी गाड़ी में रोजाना की तुलना में काफी अधिक भीड़ देखने को मिली। बस सेवा बंद होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन का सहारा लेने पहुंचे, जिससे ट्रेन के डिब्बे खचाखच भर गए। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण यात्रियों को सीट तक नहीं मिल सकी और कई लोग खड़े होकर सफर करने को मजबूर दिखे। बस हड़ताल का असर पूरे इलाके में दिख रहा है और आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

बस बंद के बीच बस मालिक का विरोध, बस स्टैंड पर कुछ देर तनाव

बस बंद के दौरान शिव शक्ति बस के मालिक संजय चौधरी बस स्टैंड पहुंचे और बंद का विरोध किया। उन्होंने बस कर्मी के साथ मारपीट पर सवाल उठाया। बंद समर्थकों से कुछ देर बहस और मान-मनव्वल के बाद स्थिति शांत हुई और हालात सामान्य हो गए।

हिजला मूक-बधिर विद्यालय में खराब पंखा देख भड़के डीसी, अधिकारियों को लगाई कड़ी फटकार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। हिजला स्थित मूक-बधिर विद्यालय में मंगलवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा अचानक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक स्थिति और बुनियादी ढांचे का बारीकी से जायजा लिया। उपायुक्त ने क्लासरूम से लेकर परिसर की हर व्यवस्था को देखा और शिक्षकों के साथ बच्चों की पढ़ाई व ट्रेनिंग पर चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान क्लासरूम में पंखे खराब मिलने पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए तत्काल पंखों की मरम्मत कराई जाए। उन्होंने साफ कहा कि बिजली, पानी, भवन और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि विशेष आवश्यकता वाले इन बच्चों को बेहतर और अनुकूल वातावरण देना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को हिदायत दी कि वे नियमित रूप से सुविधाओं की निगरानी करें ताकि बच्चों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

आधी रात को अस्पताल पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी, नदारद कर्मियों का रुकेगा वेतन

दुमका । फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। सोमवार की रात उपायुक्त के निर्देश पर सहायक समाहर्ता नाजिश उमर अंसारी ने पूरी टीम के साथ अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस औचक कार्रवाई से अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन सेवा, आईसीयू और विभिन्न वार्डों में घोर लापरवाही सामने आई। ड्यूटी रोस्टर के बावजूद कई स्वास्थ्यकर्मी और सफाई कर्मचारी मौके से गायब मिले। इसे गंभीरता से लेते हुए सहायक समाहर्ता ने अनुपस्थित पाए गए सभी चिकित्सकों और कर्मियों के 9 मार्च के वेतन को नो वर्क नो पे के आधार पर रोकने की अनुशंसा कर दी है। जांच में यह भी पाया गया कि अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की रात में कमी है और साफ-सफाई की स्थिति भी बदतर है। तकनीकी कर्मचारियों की कमी की वजह से कई महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो रही थीं। सहायक समाहर्ता ने अस्पताल प्रबंधन को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड के सूचना पट्ट पर डॉक्टरों के मोबाइल नंबर लिखे जाएं ताकि मरीजों को तुरंत मदद मिल सके। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और चिकित्सा सेवाओं में सुधार लाने की चेतावनी देते हुए कहा कि मरीजों की सुविधा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दुमका बस स्टैंड में देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । मंगलवार की सुबह दुमका बस स्टैंड में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक को अवैध हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना ऐसे समय सामने आई जब संताल परगना मोटर मजदूर संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह पर हुए हालिया गोलीकांड के विरोध में बसों का परिचालन बंद कर मजदूर संघ के सदस्य बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर धरना दे रहे थे। जानकारी के अनुसार, बस स्टैंड परिसर में गश्त कर रही पुलिस और मौजूद लोगों की नजर एक युवक पर पड़ी जो संदिग्ध हालात में इधर-उधर घूम रहा था। युवक की गतिविधियां देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने युवक को तुरंत हिरासत में ले लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मंगल किस्कू बताया, जो मसलिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस उसे नगर थाना ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। घटना ऐसे समय हुई है जब बस स्टैंड परिसर पहले से ही आंदोलन के कारण संवेदनशील बना हुआ है। ऐसे में एक युवक का हथियार के साथ वहां पहुंचना लोगों के बीच चिंता और दहशत का कारण बन गया। इस घटना के बाद बस स्टैंड की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था या फिर उसका संबंध किसी आपराधिक गिरोह से है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ और जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

महिलाओं ने थामी प्रगति की डोर : यज्ञ मैदान में उमड़ी महिला उद्यमियों की भीड़

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। नगर के यज्ञ मैदान में मंगलवार को नारी शक्ति और उद्यमिता का अनूठा संगम देखने को मिला। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग और जियाडा के सौजन्य से रैम्प कार्यक्रम के तहत एक विशेष उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले की उभरती और वर्तमान महिला उद्यमियों को एमएसएमई क्षेत्र से जोड़कर उन्हें मुख्यधारा में लाना था।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने महिलाओं को उद्यम पंजीकरण की बारीकियों से अवगत कराया, जिसका असर भी तुरंत देखने को मिला। मौके पर ही 13 महिला उद्यमियों का ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन किया गया, जो उनके व्यवसाय को नई पहचान दिलाने की दिशा में पहला कदम है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दास कुमार एक्का ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि कैसे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपने छोटे व्यवसाय को बड़े उद्योग में बदल सकती हैं। शिविर में कुल 63 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्हें न केवल पंजीकरण बल्कि डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय सहायता, कौशल विकास और स्टार्टअप की बारीकियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने विपणन और ऋण योजनाओं पर चर्चा करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन दुमका की महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

सीढ़ी से गिरे सहायक अध्यापक, हालत नाजुक

गोपीकांदर। प्रखंड के मध्य विद्यालय झूठीचापर में कार्यरत 45 वर्षीय सहायक अध्यापक इलियास मरांडी मंगलवार सुबह एक भीषण हादसे का शिकार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, शिक्षक सुबह स्नान करने के बाद अपने घर की छत पर कपड़े सुखाने गए थे। कपड़े सुखाकर नीचे उतरने के दौरान अचानक उनका पैर सीढ़ी से फिसल गया और वे अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़े। इस हादसे में उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। आनन-फानन में ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति और बेहोशी को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए फूलों झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका रेफर कर दिया है।

जाति व निवास प्रमाण पत्र नहीं बनने से दो पहाड़िया बच्चों का स्कूल में दाखिला अटका

मसलिया । मसलिया प्रखंड के सुगापहाड़ी पंचायत अंतर्गत मनोहरचोक गांव के दो पहाड़िया बच्चों का दाखिला जाति व निवासी प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण पहाड़िया आवासीय विद्यालय में नहीं हो सका। इस कारण दोनों बच्चे शिक्षा से वंचित रह गए हैं। बच्चों की मां रीना पुजहरनी और अखिल भारतीय आदिम जनजाति उत्थान समिति (पहाड़िया) के प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल पुजहर ने इसके लिए मसलिया अंचल के हल्का संख्या-05 के राजस्व कर्मचारी कंचन गड़ई पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बाबूलाल पुजहर ने बताया कि जाति और निवासी प्रमाण पत्र के लिए 6 जनवरी 2026 को रानीघाघर के वीएलई नारायण पाल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कराया गया था। करीब 15 दिन बाद राजस्व कर्मचारी द्वारा आवेदन यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि प्रपत्र 1(ए) घोषणा पत्र भी ऑनलाइन करना होगा। इसके बाद प्रपत्र 1(ए) भरकर दोबारा जमा किया गया, लेकिन कर्मचारी ने आवेदन को फिर से यह कहते हुए बैक कर दिया कि घोषणा पत्र ऑनलाइन नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस तरह जनवरी में किया गया आवेदन मार्च तक भी स्वीकृत नहीं हो पाया। जब इसकी जानकारी लेने के लिए वे अंचल कार्यालय पहुंचे और अंचलाधिकारी रंजन यादव के समक्ष समस्या रखी, तो अंचलाधिकारी ने मौके पर राजस्व कर्मचारी कंचन गड़ई को बुलाकर मामले की जानकारी ली।

भक्ति और सत्संग ही जीवन के सच्ची मुक्ति का मार्ग : स्वामी आगमानंद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। शहर के बड़ा बांध परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 लक्ष्मीनारायण यज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री रामचंद्रचार्य जी महाराज परमहंस स्वामी श्री आगमानंद जी महाराज ने अपने प्रवचन में शिव चरित्र, जड़भरत कथा और नरसिंह अवतार जैसे प्रसंगों की भावपूर्ण व्याख्या कर श्रद्धालुओं को भक्ति और वैराग्य का संदेश दिया। कथा का आरंभ भगवान शिव के कल्याणकारी स्वरूप और सती प्रसंग से हुआ। इसके बाद स्वामी जी ने पुरंजन की कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि मनुष्य का यह शरीर ही एक नगर की तरह है, जिसमें जीव माया के बंधन में फंसकर जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूल जाता है। उन्होंने राजा ऋषभदेव और जड़भरत के प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि आत्मज्ञान और वैराग्य के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है।

नरसिंह अवतार की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब अधर्म अपने चरम पर पहुंच गया था, तब भगवान ने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए खंभे को फाड़कर नरसिंह रूप में अवतार लिया। उन्होंने कहा कि सच्चे विश्वास के साथ की गई भक्ति से ईश्वर हर कण में प्रकट हो सकते हैं। स्वामी जी ने कहा कि भक्ति कोई दिखावा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के बीच का मौन संवाद है।

अजमेरी बालाजी मंदिर में श्रीराम कथा में गूंजा श्रीराम जन्म प्रसंग

मसलिया । मसलिया प्रखंड के अजमेरी बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के चतुर्थ रात्रि में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। अयोध्या निवासी कथावाचिका सोनम जी महाराज ने श्रीराम जन्म का पावन प्रसंग सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा वाचन के दौरान सोनम जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं बल्कि धर्म, सत्य और मर्यादा की स्थापना का संदेश है। उन्होंने बताया कि जो भी श्रद्धा और भक्ति के साथ श्रीराम जन्म की कथा का श्रवण करता है, उसके जीवन के कष्ट दूर हो जाते हैं और उसके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के दौरान उन्होंने बीच-बीच में अवधी भाषा में भजनों का गायन भी किया। उनके मधुर भजनों से पूरा पंडाल राममय हो उठा और श्रद्धालु भी भक्ति में डूबकर ÷जय श्रीराम÷ के जयकारे लगाने लगे। भजनों और कथा के संगम से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। कथा श्रवण के लिए आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सांपचला पंचायत सहित फतेहपुर और आसपास के गांवों से महिलाएं, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में कथा सुनने के लिए प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में एकत्रित हो रहे हैं।

रामचरितमानस युग-युगांतर तक मानवता को सही मार्ग दिखाता रहेगा : अजय पांडेय

जरमुंडी । विश्व के कल्याणार्थ बासुकीनाथ की पुनीत नगरी में आयोजित शिवशक्ति अन्नपूर्णा महायज्ञ व रामकथा के चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ लगी। प्रातः कालीन सत्र में महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। इधर, बनारस से पहुंचे यज्ञाचार्य हरेंद्र शास्त्री व उनके सहयोगी पियूष द्विवेदी, अरविन्द पांडेय के द्वारा हवन कुंड में होताओं से पवित्र आहुतियां दिलवाई गयी। वहीं संध्याकालीन सत्र में श्रीराम कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कथा पंडाल में जुटी। श्रीराम कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने पतित पावन भगवान् श्री राम के लीला मय प्रेरक प्रसंगों को सुनकर भक्ति रस में गोता लगाते रहे। कथा वाचक अजय पांडेय ने राम-सीता विवाह का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं को सीता स्वयंवर में भगवान द्वारा शिव धनुष तोड़ने और परशुराम द्वारा सभा में आकर क्रोध करने के प्रसंग का मार्मिक व्याख्यान किया और जीवन में भगवान राम के आदर्शों को अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अपने संयमित आचरण से अखिल विश्व को पारिवारिक एवं सामाजिक मर्यादा के साथ प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस में भगवान् राम के आदर्श, सत्य से विचलित मानवता को युग-युगांतर तक सही मार्ग दिखाता रहेगा। इस मौके पर यज्ञ संचालनकर्ता बाल संत बाबा त्यागी महाराज, यज्ञ व्यवस्थापक लाल बाबा, मंच संचालक धर्मेंद्र पांडेय, यजमान किंकर मिश्रा व उनकी पत्नी रूबी देवी, चंदन पांडेय पत्नी पूनम देवी, दयानंद पांडेय पत्नी सरिता देवी, अभिषेक राव पत्नी खुशी देवी, गौतम साह पत्नी खुशबू देवी, दिनेश साह पत्नी बेबी देवी सहित स्थानीय आयोजक समिति के सदस्य सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686